गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं..

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 24 | अंक : 223 | रायपुर, शनिवार, 07 सितम्बर 2024 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444


## सार समाचार

### मुंबई के टाइम्स टॉवर में लगी भीषण आग



**मुंबई।** मुंबई के लोअर परेल इलाके में 15 मंजिला टाइम्स टॉवर इमारत में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार आग बिजली के डक्ट से शुरू हुई थी।

अनुमान है कि संभवतः आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। आग ने कुछ ही समय में रौद्र रूप ले लिया। देखते ही देखते आग पंद्रह मंजिला इमारत की सातवीं और तीसरी मंजिल के बीच फ़ैल गई। अधिकारियों ने बताया, आग बुझाई जा रही है। पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और सात जंबो टैंकर मौके पर है। आग लगने की वजह जांच के बाद स्पष्ट होगी।

### नई आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य की आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि, राज्य सरकार को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूर्ण अधिकार है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती।

प्रदेश में शराब की दुकानों का संचालन और वितरण पहले 10 कंपनियों को दिया गया था। जिसे राज्य सरकार ने अपनी आबकारी नीति में बदलाव करते हुए स्वयं के नियंत्रण में ले लिया। जिसके बाद राज्य सरकार ने कंपनियों से जमा की गई राशि वापस लौटा दी है। साथ ही कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिया है। जिसे चुनौती देते हुए नार्थ ईस्ट फीड एंड एग्रो एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

**राज्य शासन को आबकारी नीति बनाने का अधिकार**


मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता के जवाब सुनने के बाद हाई कोर्ट ने राज्य शासन की नई आबकारी नीति को सही ठहराते हुए कंपनी की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि राज्य शासन को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूरा अधिकार है।

**बेवरेज कॉरपोरेशन को मिली शराब खरीदी की जिम्मेदारी**

पहले विदेशी शराब की खरीदी लाइसेंसधारियों के माध्यम से की होती थी। इस व्यवस्था को समाप्त करने के साथ ही सरकार ने छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन को विदेशी शराब की खरीद की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही विदेशी शराब के थोक बिक्री और रखरखाव के लिए वर्तमान में जारी एफएल 10 एबी लाइसेंस की व्यवस्था को समाप्त करते हुए सीधे विदेशी शराब की थोक खरीद को मंजूरी दे दी है।

## जम्मू कश्मीर चुनाव : बीजेपी का घोषणा पत्र जारी

# 5 लाख रोजगार, हर साल 2 फ्री सिलेंडर देने का वादा



**एजेंसी, जम्मू कश्मीर।** भाजपा ने शुक्रवार, 6 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा।

उन्होंने कहा, '5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री LPG सिलेंडर दिया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी।'

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 (ए) बीते दौरे की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे।'

नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र और उसके सहयोगी कांग्रेस के मूक समर्थन पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 इतिहास है , यह कभी वापस नहीं आएगा और हम ऐसा नहीं होने देंगे। अनुच्छेद 370 वह चीज थी, जिसने युवाओं के हाथों में हथियार और पत्थर दिए। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पहले यहां डेमोक्रेसी तीन परिवारों में ही सीमित होकर रह गई थी। न पंचायत चुनाव होते थे, न तहसील पंचायतें बनती थीं, न जिला पंचायतें होती थीं। भाजपा की सरकार ने ग्राम पंचायत, तहसील पंचायत, जिला पंचायत और म्यूनिसिपलिटी का चुनाव कराकर पंचायती राज को बहाल करने का काम किया है और लोकतंत्र को स्थापित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि आप देश और जम्मू-कश्मीर की जनता के सामने स्पष्ट करिए, आपके मौन धारण करने से कुछ नहीं होगा। क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस के एजेंडा के साथ कांग्रेस पार्टी सहमत है या नहीं? आप हां या न में जवाब दीजिए।

## पेरिस पैरालंपिक : हाई जंप में प्रवीण कुमार को मिला गोल्ड




**एजेंसी, पेरिस।** भारतीय खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत के पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने भारत की छोली में एक और पदक डाल दिया है। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। भारत का पेरिस पैरालंपिक में यह छठा स्वर्ण है, जबकि 26वां पदक है। भारत के खाते में अब 6 स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक हो चुके हैं।

21 साल के भारतीय एथलीट प्रवीण ने मेन्स हाई जम्प टी64 स्पर्धा के फाइनल में 2.08 मीटर की जम्प लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में अमेरिका के डेरेक लोसिडेंट 2.06 मीटर के साथ दूसरे नंबर पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया। उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक जियाजोव ने 2.03 मीटर की जम्प के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक जीता। प्रवीण का यह पैरालंपिक में लगातार दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में 2.07 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता था।

### पैरालंपिक में पहली बार जीते 6 स्वर्ण पदक

पेरिस पैरालंपिक में भारत का ये छठा स्वर्ण पदक है। भारत ने पहली बार पैरालंपिक गेम्स में छह स्वर्ण पदक जीते हैं। इससे पहले भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण पदक जीते थे। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत ने 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। कुल 19 पदक के साथ भारत का पैरालंपिक गेम्स में सबसे अच्छा प्रदर्शन था। पेरिस पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने इसे पीछे छोड़ते हुए अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिया है। भारत ने अभी तक कुल 26 पदक अपने नाम कर लिए हैं, जिसमें से 6 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक हैं। भारत पदक तालिका में 14वें नंबर पर आ चुका है।

## सीआरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र पर आकाशीय बिजली गिरने से दो जवान शहीद



**दंतेवाड़ा ( प्रतिदिन राजधानी)।** जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत बारसूर के टेमरू भाटा पारा के पास सीआरपीएफ के नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केंद्र पर शुक्रवार की शाम को आकाशीय बिजली गिरने से दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक उत्तरप्रदेश और दूसरा झारखंड के रहने वाले थे। दोनों शहीद जवानों के शवों को जिला अस्पताल में रखा गया है। जानकारी के अनुसार बारसूर के टेमरू भाटा पारा के पास सीआरपीएफ का नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केंद्र है। इस केंद्र में सीआरपीएफ 111 बटालियन के जवान मौजूद थे। दोपहर बाद इलाके में मौसम बदला और शाम करीब 4 बजे के बीच प्रशिक्षण केंद्र पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में सीआरपीएफ 111 बटालियन के जवान महेंद्र कुमार और एस. शहुअट आलम आ गए। गंभीर रूप से झुलसे दोनों जवानों को साथियों ने फौरन मौके से निकालकर जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों जवान को मृत घोषित कर दिया। दंतेवाड़ा के एएसपी आरके बर्मन ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से ऑनड्यूटी दोनों जवानोंकी मौत हुई है। इनमें जवान महेंद्र कुमार उत्तरप्रदेश के प्रयागराज जिले और दूसरा एस. शहुअट आलम झारखंड के रहने वाले थे। दोनों के पार्थिव शरीर को जिला अस्पताल में रखवाया गया है।

## कर्नाटक में कोविड फंड में बड़ी हेराफेरी 13,000 में से 1,000 करोड़ हुए गायब



**एजेंसी, कर्नाटक।** कर्नाटक में कोविड-19 के दौरान इस्तेमाल किए गए फंड में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। सरकार द्वारा खर्च किए गए 13,000 करोड़ रुपये में से करीब 1,000 करोड़ रुपये का घोटाला होने की आशंका है। जस्टिस जॉन माइकल डी'कुन्हा की रिपोर्ट में कई अनियमितताओं का जिक्र है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट बैठक में इस मामले पर चर्चा की। रिपोर्ट के मुताबिक, कई महत्वपूर्ण फाइलें गायब हैं, जिन्हें बार-बार अनुरोध के बाद भी पेश नहीं किया गया।

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जज ने रिपोर्ट में गंभीर टिप्पणियां की हैं। सैकड़ों करोड़ रुपए की गड़बड़ी सामने आई है। इसके साथ ही कई अहम दस्तावेज भी गायब हैं, जिन्हें बार-बार अनुरोध करने के बावजूद जमा नहीं किया गया। इन तीनों बिंदुओं पर जांच आग बढ़नी चाहिए।

कोविड के दौरान राज्य में कुल 13,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। हालांकि, आधिकारिक रूप से कोई आंकड़ा नहीं बताया गया, लेकिन सूत्रों का कहना है कि लगभग 1,000 करोड़ रुपए का फंड गबन किया गया है। रिपोर्ट को अगले छह महीनों में अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद यही रिपोर्ट संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। सरकार ने जांच कमेटी की समय सीमा छह महीने बढ़ा दी है।

सूत्रों के मुताबिक, 1,000 पृष्ठों वाली अंतरिम रिपोर्ट एक महीने के अंदर सरकार को सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट का अब अधिकारियों द्वारा विश्लेषण किया जाएगा। इस रिपोर्ट में कई अनियमितताओं का जिक्र है। अब सारी अनियमितततताओं की अब व्यापक स्तर पर जांचा जाएगा। रिपोर्ट में जो तथ्यों का खुलासा हुआ है, उससे कांग्रेस को राहत मिल सकती है, जबकि बीजेपी के लिए यह मामला नई चुनौती बन सकता है।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल के घर ईडी का छापा



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के आवास पर शुक्रवार सुबह केंद्रीय एजेंसी ईडी ने दबिश दी है और तलाशी जारी है। इसके अलावा भी राज्य में कई जगह अधिकारियों ने रेड की है। ईडी ने PMLA केस के तहत यह कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार ईडी ने घोष और करीबियों से जुड़े 5-6 ठिकानों पर रेड की है। साथ ही अस्पताल के डेटा एंट्री ऑपरेटर प्रसून चटर्जी के घर पर भी ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। कार्यकाल के दौरान अनियमितताओं के आरोप में CBI ने मंगलवार को ही घोष को गिरफ्तार किया था। उन्हें 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। इधर, पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है।


CBI की तरफ से गिरफ्तार किए जाने से पहले घोष से 15 दिनों तक एजेंसी के सॉल्ट लेक ऑफिस में पूछताछ हुई थी। तब सीबीआई ने ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस के संबंध में पूछताछ की थी। साथ ही अस्पताल में वित्तीय अनियमतताओं को लेकर भी सवाल पूछे गए थे। घोष को 2 बार पॉलीग्राफ टेस्ट से भी गुजरना पड़ा था। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी भी घोष के खिलाफ जांच कर रही है।

## पीएससी-22 के 13 डिप्टी कलेक्टरों की नियुक्ति

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2022 में चयनित डिप्टी कलेक्टरों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस आदेश के अनुसार, 13 डिप्टी कलेक्टरों को 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए साप्रवि कक्ष -4 पदस्थ किया गया है।

परीविक्षावधि एक और बढ़ाई जा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव के आदेश अनुसार इस दौरान सभी को विभागीय परीक्षा पास करना होगा, अन्यथा सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

## केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने 9 अन्य हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा का उद्घाटन किया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज विशाखापत्तनम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नौ हवाईअड्डों के लिए डिजी यात्रा सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के आठ अन्य हवाईअड्डों के लिए इस सुविधा को वर्चुअल माध्यम से शुरू किया। ये हवाईअड्डे हैं- कोयंबटूर, डाबोलिम, इंदौर, बागडोगरा, रांची, पटना, रायपुर और भुवनेश्वर हवाईअड्डा।

इस उद्घाटन समारोह के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि किस तरह डिजी यात्रा हवाईअड्डे पर भीड़-भाड़ के दौरान विभिन्न दस्तावेजों- बोर्डिंग पास, पहचान पत्र और लगेज टैग आदि के प्रबंधन के मुश्किल कार्य को सरल बनाती है। एक यात्री के लिए हवाईअड्डे में प्रवेश का समय मैनुअल प्रक्रिया में लगने वाले औसत 15 सेकंड से घटकर 5 सेकंड रह गया है। 55 लाख से अधिक उपयोगकर्ता पहले ही इस एप को डाउनलोड कर चुके हैं और 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा के लिए डिजी यात्रा का उपयोग किया है। 1 दिसंबर, 2022 को तीन हवाईअड्डों- नई दिल्ली, वाराणसी और बेंगलुरु पर पहली डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत के बाद डिजी यात्रा- सक्षम हवाईअड्डों की कुल संख्या 24 हो जाएगी। इनमें आज के नौ हवाईअड्डे शामिल हैं।

मंत्री ने डिजी यात्रा की शुरुआत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, इसकी शुरुआत कोविड-19 महामारी के दौरान बहुत उचित समय पर हुई, जब शारीरिक संपर्क को न्यूनतम करने की जरूरत पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई थी। डिजी यात्रा ने हवाईअड्डा स्थित प्रमुख जांच चौकियों पर संपर्क रहित और कागज रहित प्रक्रिया की सुविधा प्रदान की है। अपनी शुरुआत के बाद से इस प्रणाली ने हवाईअड्डों पर हर दिन हजारों कागज की शीट बचाने में सहायता की है, जिससे नागरिक उड्डयन क्षेत्र में टिकाऊ विकास के हमारे व्यापक लक्ष्य को समर्थन मिला है। श्री नायडू ने यात्रियों की डेटा सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, यहां तक कि लोकसभा में भी मैंने इस बात पर जोर दिया है कि डिजी यात्रा एक सुदृढ़ डेटा सुरक्षा की नींव पर निर्मित है। आज भी मैं यह साफतौर पर कहना चाहूंगा कि यात्रियों की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) का कोई केंद्रीय भंडारण नहीं है। सभी यात्रियों का डेटा एन्क्रिप्ट कर करके उनके स्मार्टफोन में सुरक्षित रूप से संग्रहीत कर दिया जाता है व मूल हवाईअड्डे के साथ केवल अस्थायी रूप से साझा किया जाता है और प्रस्थान के 24 घंटे के भीतर इसे नष्ट कर दिया जाता है।

डिजी यात्रा सरकार की एक परिवर्तनकारी डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य चेहरे की पहचान पर आधारित प्रौद्योगिकी (एफआरटी) पर आधारित हवाईअड्डों पर सुगम, संपर्क रहित और कागज रहित बोर्डिंग के साथ यात्री अनुभव को समृद्ध करना है। यह यात्रियों को उनकी पहचान और यात्रा विवरण को सत्यापित करने के लिए चेहरे की पहचान का उपयोग करके कागज रहित और संपर्क रहित प्रक्रिया के माध्यम से हवाईअड्डों पर विभिन्न जांच चौकियों से गुजरने में सहायता करता है।




## विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। दोनों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी मुलाकात की। विनेश के हरियाणा चुनाव लड़ने की भी अटकलें हैं।

मुलाकात के बाद खरगे ने तस्वीरे शेयर करते हुए लिखा कि आप दोनों पर हमें गर्व है। न्यूज एजेंसी एएनआई के सूत्रों की मानें तो विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। वहीं, बजरंग पुनिया विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्हें हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा कांग्रेस की प्रचार समिति का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।


दैनिक प्रतिदिन राजधानी समाचार पत्र ऑनलाईन पीडीएफ में पढ़ने के लिए विजिट करें...




https://epaper.pratidinrajdhani.in

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क कर सकते है...

E-mail pratidincg@gmail.com WhatsApp +91 62629 04444

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./ 14290/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 06/09/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14290**
वार्ड का नाम– 58 श.पंकज विक्रम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 58 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR650H00261** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **P. L. UMALE** पिता/पति श्री/श्रीमती **LAXMAN RAO UMALE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री सुधीर उमाले पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता पिता स्व.पी.एल.उमाले ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत हक त्याग विलेख / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./ 14339/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 06/09/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14339**
वार्ड का नाम– 62 शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR654C00428** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KALIRAM** पिता/पति श्री/श्रीमती **UDAYRAM SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **DHANRAJ SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता **PADUMRAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **Malma Bikrinama & Shapath Patr** / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./ 14342/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 06/09/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14342**
वार्ड का नाम– 62 शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR654G00041** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SARASWATI SAHU, REKHA BAI SAHU, GANESHIYA SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **LT. RAMKRIPAL SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD FAIZAN KHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता **PIR MOHAMMAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **Malma Bikrinama & Shapath Patr** / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./ 14346/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 06/09/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14346**
वार्ड का नाम– 58 श.पंकज विक्रम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 58 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR650G00087** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PRAVIN JAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHRI AASKARAN JAIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1) CHANCHAL KARNAWAT 2) ABHINAV KARNAWAT** पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता **C/O SUNIL KUMAR KARNAWAT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
**Email ID-rmczone6@gmail.com**

पत्र क्र./ 14350/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 06/09/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 14350**
वार्ड का नाम– 58 श.पंकज विक्रम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 58 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR650B00140** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **CHETAN LAL PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHRI BABULAL PATEL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MINABAI PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता **W/O LATE CHETAN LAL PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MRITYU PRAMAN PATR & SAPATH PATR**/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./14348/न.पा.नि./ जोन क्र.–8/2024
रायपुर, दिनांक 05/09/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14348**
वार्ड का नाम –69 माधवराव सप्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568K00026** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOPAL PRASAD PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **KEDAR PATEL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KAVITA JHA** पिता/पति श्री/श्रीमती **LAL JHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. 8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./14353/न.पा.नि./ जोन क्र.–8/2024
रायपुर, दिनांक 05/09/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14353**
वार्ड का नाम –69 माधवराव सप्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568G00339** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUBHAS SURANA** पिता/पति श्री/श्रीमती **RATAN LAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SHAKILA BEGUM** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOH. NAJEER** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. 8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**Email ID-rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र./14354/न.पा.नि./ जोन क्र.–8/2024
रायपुर, दिनांक 06/09/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14354**
वार्ड का नाम –2 पं.जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00349** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANJIT KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **J.P. SINHA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KHILESH CHAUHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **MAHENDRA KUMAR CHAUHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. 8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)**

# पुलिस ने बरामद किए 6 प्रेशर कुकर बम एवं 3 नग जिंदा बम, पुलिस की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

**कोंडागांव,प्रतिदिन राजधानी**

कोंडागांव पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 6 प्रेशर कुकर बम बरामद किए हैं। ये बम नक्सलियों ने पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए थे। पुलिस ने मौके पर ही इन बमों को निष्क्रिय कर दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। 05 सितम्बर को कोण्डागांव पुलिस द्वारा नियमित गस्त के लिए थाना धनोरा माडगांव क्षेत्र से एसडीओपी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के हमराह में नक्सल प्रभावित थाना धनोरा माडगांव क्षेत्र अंतर्गत नियमित गस्त के लिए निकले थे। गस्त के दौरान पुलिस फोर्स को नुकसान



पहुंचाने के नियत से नक्सलियों के द्वारा डम्प किये गये 04 किलोग्राम का 03 नग एवं 03 किलोग्राम का 03 नग आई.ई.डी मिले जिसे तत्काल कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक श्री वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रूपेश कुमार डाण्डे के मार्गदर्शन में आई.ई.डी. से संभावित बड़ी दुर्घटना रोकने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर बम डिस्पोजल टीम एवं पुलिस फोर्स द्वारा सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए तत्काल मौके पर ही आई ईडी को विस्फोट कर नष्ट किया गया। जिससे धनोरा माडगांव क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना होने से रोका गया।

## ज्वेलर्स संचालक से 4 लाख के गहने लूटे, पुलिस जांच में जुटी

**बलौदाबाजार।** सिमगा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना में बाइक सवार चार बदमाशों ने ज्वेलर्स संचालक को निशाना बनाकर 4 लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात लूट लिए हैं। घटना गुरुवार शाम को नांदघाट से भाटापारा की ओर जाते समय देवरीडीह तिराहे के पास हुई। पीड़ित ज्वेलर्स संचालक जब अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार चार बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर उनकी बाइक रोकी और उनके बैग से सोने–चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस घटना की शिकायत सिमगा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# जुआं खेलते 10 जुआरी गिरफ्तार

**मुंगेली,प्रतिदिन राजधानी**

गिरिजा शंकर जायसवाल उप महानिरीक्षक द्वारा अवैध कार्य करने वालो के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में आज मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम भथरी के सड़क किनारे खेत पर कुछ लोग ताश की पत्तियों में रुपया पैसा का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से पंकज पटेल मुंगेली एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पथरिया नवनीत पाटिल के कुशल मार्गदर्शन में थाना जरहागांव से टीम तैयार कर सूचना स्थल पर घेराबंदी कर गवाहों के समक्ष 10 जुआरीयों को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा गया उनके पास एवं फ्ल से 83100 नगद एवं ताश की पत्तियां जप्त की गई पकड़े गए आरोपी प्रशांत देवांगन पिता एस देवांगन 45 वर्ष निवासी तखतपुर राजेश बंजारे पिता छेदीलाल 40 वर्ष निवासी बेलसरी



अजय महिलांगे पिता कमल प्रसाद 24 वर्ष निवासी बेलसरी खुदेश्वर पांडे पिता अशोक 38 वर्ष निवासी तखतपुर अविनाश डेनियल पिता सुभाष 42वर्ष मनीष रजक पिता परदेसी 22वर्ष दिलेश्वर साहू पिता देवलाल उम्र 34 वर्ष निवासी तखतपुर संतोष बंजारे पिता बी डी बंजारे 43 वर्ष निवासी ग्राम भथरी रामचंद्र खांडेकर पिता भागवत 46 वर्ष सैमुअल दयाल पिता राजेश 36 वर्ष दोनों निवासी भथरी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई. संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी एसके शर्मा सहायक उप निरीक्षक मनक लाल ध्रुव प्रधान आरक्षक दुर्गा साहू महेश राज आरक्षक बालकृष्ण मरकाम विजय कुमार हीरा सिंह नेताम प्रशांत कुर्रे सुशांत पांडे की भूमिका रही.

# आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 से शुरू होगा वजन त्यौहार

**बेमेतरा,प्रतिदिन राजधानी**

आगामी 12 तारीख़( 12 सितंबर ) से वजन त्यौहार शुरू हो रहा है, जो 23 सितंबर 2024 तक चलेगा । ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 05 वर्ष से कम बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की का जांच की जाएगी । इसके साथ ही बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जन–जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं उसका भी पता चलेगा। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, रायपुर द्वारा आज सभी कलेक्टरों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए



है। वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की डयूटी भी लगाई जाएगी। आयोजित होने वाले वजन त्यौहार में आयु व वजन के साथ–साथ बच्चों की ऊंचाई तथा बच्चे की नि:शक्तता संबंधी जानकारी भी संकलित की जायेगी। वजन त्यौहार के अवसर पर प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र हेतु ग्राम स्तरीय, वार्ड स्तरीय दल का गठन किया जाएगा एवं समुदाय के समक्ष आंगनबाड़ी, ग्राम, नगरीय क्षेत्र के सभी सर्वेक्षित बच्चे का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा।

# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान होगा प्रारम्भ

**महासमुंद,प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टर विनय लंगेह ने स्वछता ही सेवा देशव्यापी अभियान अंतर्गत जिले में भी 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित अभियान में स्वच्छता के प्रति आम जनता के सोच में बदलाव हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। लंगेह ने शासन के निर्देशानुसार जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उत्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सभी सीइओ जनपद पंचायत , नगरीय निकाय के सी एम ओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके अंतर्गत वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान मनाया जा रहा है। जिससे कि लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं लोग सामुहिक रूप से ग्रामीणजन अपने गांव एवं क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकें। विदित हो कि वर्ष 2024 में 'स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण' की दसवीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर विनय लंगेह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सेवा संबंधित कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान गांव के गंदे एवं कचरे के ढेर जमा होने वाले स्थानों की साफ–सफाई, मेगा स्वच्छता ही अभियान का आयोजन के अलावा स्वच्छाग्राही एवं सफाई मित्रों के योगदान की सराहना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाने की जानकारी दी।

# जीवन में से तनाव दूर करने दिन में चार बार करें स्नात्र पूजा का पाठ : मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचन माला में कल्पसूत्र का वांचन जारी है। शुक्रवार को तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने कहा कि परमात्मा की स्नात्र पूजा का दिन में तीन–चार बार पाठ करना चाहिए। इससे जीवन में से संक्लेष मानसिक तनाव दूर हो जाता है। स्नात्र पूजा का पाठ नियमतः दिन में तीन बार अवश्य करना चाहिए। आज के भागमभाग भरे जीवन में व्यक्ति अत्यधिक तनाव में रहता है। अपने तनाव को दूर करने के लिए यदि वह भगवान की भक्ति में ध्यान लगाए तो मन को शांति प्राप्त होती है। इसलिए मानसिक तनाव मुक्ति के लिए स्नात्र पूजा का पाठ दिन में तीन से चार



बार अवश्य करना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि पार्श्वनाथ भगवान और महावीर स्वामी भगवान के बीच में बहुत ही समानता देखने को मिलती है। पार्श्वनाथ भगवान की 10 भव की परंपरा चली तो भगवान महावीर स्वामी की 27 भव की परंपरा चली। दोनों का जीव सम्यक्त्व प्राप्ति के बाद त्रियंच गति में गया। कभी भी तीर्थंकर को बौद्धित होने के लिए किसी निमित्त की आवश्यकता नहीं होती,परंतु पूरी चौबीसी के अंदर दो तीर्थंकर ऐसे हैं जिन्हें निमित्त मिला और उन्होंने संसार त्याग करने का संकल्प कर लिया। एक तो पार्श्वनाथ भगवान जिन्हें नेमिनाथ भगवान का चित्र देखते देखते उन्हें वैराग्य प्रबल हुआ और निमित्त मिलते ही उन्होंने दीक्षा लेने का संकल्प कर लिया और संयम स्वीकारा। मुनिश्री ने बताया कि दूसरे तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान, जिन्हें भी निमित्त मिला। ऐसा ग्रंथ में आता है कि एक बार इंद्र ऋषभदेव भगवान जब राजा थे तो उनके दरबार में आकर कहता है कि आपके समक्ष कुछ नाटक दिखाने की इच्छा है। उस नाटक के दरमियान जो एक देवी नृत्य कर रही थी अचानक उनका आयुष्य पूर्ण हो गया। देवों का जब आयुष्य पूर्ण होता है तो अपने आप उनका शरीर हवा में विलीन हो जाता है। यह दृश्य परमात्मा के सामने हुआ और परमात्मा ने अपने अवधि ज्ञान से देख लिया कि आयुष्य कितना क्षण भंगुर है, यह देखकर परमात्मा की दीक्षा लेने की इच्छा हुई।

# भिलाई क्षेत्र में उद्यानों एवं डिवाइडरो में लगाये गये पौधो की हो रही है कटाई-छटाई



**भिलाई , प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण को हरा–भरा रखने के उददेश्य को लेकर वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पौधो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्री–गार्ड भी लगाया जा रहा है। जिससे पौधे आसानी से बड़ा हो जाये और वृक्ष का रूप ले सके। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देश दिये है। निगम भिलाई क्षेत्र में जहां भी वृक्षारोपण किया गया है। उसका मॉनिटरिंग करे साथ ही जो पौधे बड़े हो गये है या जिनके डाल इधर–उधर बिखर गये है। उनकी कटाई–छटाई, ट्रिमिंग का कार्य करते रहे। जिससे पौधे सुन्दर एवं स्थल के आकार में बड़े हो। निर्देश का पालन करते हुए उद्यान विभाग के श्रमिको को पेड़ो की कटाई, छटाई कार्य पर लगाया गया है। जिनके द्वारा गौरवपथ डिवाइडर, सेक्टर 01 के उद्यानों में ट्रिमिंग का कार्य किया जा रहा है। जहां भी खाली स्थान दिख रहा है वहां पौधे भी रोपित किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अपील किये है कि पर्यावरण हम सब के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसका पुरी तरह से खयाल रखना हमारी जिम्मेदारी है। पौधे लगाये और उसकी सुरक्षा करे। हम सब के प्रयास से ही भिलाई शहर को हरा–भरा एवं सुन्दर बना सकते है।

## सरकारी राशन में हेराफेरी करने पर 4 समितियां सस्पेंड

**बिलासपुर,प्रतिदिन राजधानी।** जिले में सरकारी राशन दुकान में 50 लाख के 800 क्विंटल अनाज की हेराफेरी का बड़ा मामला सामने आया है। जांच के दौरान पता चला है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का चावल बाजार में बेचा जा रहा था. इस मामले में कोटा एसडीएम ने कोंचरा, सोनपुरी, आमामुड़ा, और कर्रा की समितियों को सस्पेंड कर दिया है और विस्तृत जांच की जा रही है कोटा विकासखंड के कोंचरा, सोनपुरी और आमामुड़ा और कर्रा सोसायटी में प्रबंधक और विक्रेताओं ने सरकार को लाखों का चूना तो लगाया ही है, आम गरीब जनता को जो राशन मिलना चाहिए उसमें भी सेंधमारी की है। लगातार शिकायत के बाद से इन सोसायटियों का भौतिक सत्यापन किया गया तो गड़बडी पकड़ में आई. जांच के बाद कोंचरा सोसायटी में 317.24 क्विं. चावल, 8.24 क्विं. शक्कर और 2.72 क्विं. नमक की कमी पाई गई. इसी प्रकार सोनपूरी में 200.85 क्विं. चावल, 3.77 क्विं. शक्कर और 5.06 क्विं चना, आमामुड़ा सोसायटी में 177.72 क्विं. चावल, 5.04 क्विं. शक्कर और 7.50 क्विं. चना और कर्रा की आनंद महिला समुह में 91.90 क्विं. चावल और 0.65 क्विं. शक्कर की कमी पाई गई थी।

# बस्तर के आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हो उपलब्ध -मंत्री जायसवाल

- **नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल के निर्माण कार्य को दो माह में करें पूर्ण**
- **स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में स्वशासी समिति की बैठक**

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि बस्तर के आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। इस हेतु शासन हर आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराने को तत्पर है। उन्होंने नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल के निर्माण कार्य को दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल के निर्माण कार्य हेतु दस करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति दी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की अध्यक्षता में स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के काउन्सिल हॉल में स्वशासी समिति की बैठक आयोजित थी। मंत्री ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की हेल्प डेस्क में हॉस्पिटालिटी मैनेजमेंट से संबंधित व्यक्तियों को रखे, अस्पताल की सुरक्षा में पूर्व सैनिक के नेतृत्व सिक्योरिटी की व्यवस्था हो, सीसीटीवी की व्यवस्था, आपातकाल के लिए हर कमरा में अलार्म की व्यवस्था, आधारभूत संरचना, मानव संसाधन के प्रस्ताव देने के निर्देश दिए।



स्वशासी समिति की बैठक में मानव संसाधन स्वीकृत सेटअप के आधार पर रिक्त पद, आवश्यक जांच–उपकरणों की कमी, एएमसी– सीएमसी हेतु आवश्यक अतिरिक्त बजट, नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल डिमरापाल में मानव संसाधन की भर्ती एवं आवश्यक संसाधन बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। इसके अलावा छात्र–छात्राओं की संख्या बढ़ने के पश्चात् हॉस्टल की क्षमता में वृद्धि करने, लेक्चर थियेटर, स्टॉफ क्वार्टर्स की आवश्यकता, बायो–मेडिकल वेस्ट के निपटान, युटिलिटी सेण्टर, कैन्टिन के निर्माण, छात्र–छात्राओं हेतु व्यायाम शाला, स्वशासी मद के आय–व्यय पर चर्चा किया गया। इसके अलावा चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर के अंतर्गत आवश्यक संसाधनों के विषय पर भी चर्चा किया गया।निरीक्षण के दौरान सांसद महेश कश्यप,विधायक किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, एसीएस मनोज पिंगुआ, एनएचएम मिशन संचालक जगदीश सोनकर, कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हाउपस्थित थे।

# निपुण भारत मिशन : मोबाइल लाइब्रेरी वेन का हुआ शुभारंभ

- **पठन कौशल और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने चल रहा है 'पठन अभियान'**

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

प्रदेश में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और रूम टु रीड के संयुक्त तत्वाधान में में 'पठन अभियान' के तहत 2 मोबाइल लाइब्रेरी वेन का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एससीईआरटी के संचालक श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा की गई। इस दौरान अपर संचालक श्री जे. पी. रथ और रूम टू रीड के राज्य प्रमुख श्री यशवर्धन उनियाल, एससीईआरटी के अधिकारी–कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




इस मोबाइल लाइब्रेरी का उद्देश्य बच्चों और समुदायों के बीच पठन कौशल को बढ़ावा देना है। लाइब्रेरी वेन 10 दिनों तक महासमुंद जिले के बागबहरा विकासखंड अंतर्गत 30 स्कूलों तथा संकुलों में बच्चों और समुदाय सदस्यों के समक्ष विभिन्न पठन गतिविधियों का आयोजन करेगी। इन गतिविधियों के माध्यम से स्कूली बच्चों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाएगा और उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत लक्षित समुदाय सदस्यों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में पठन कौशल बुनियादी साक्षरता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से एससीईआरटी और रूम टु रीड ने इस वर्ष भी 'पठन अभियान' के तहत बच्चों में पढ़ने की आदतों को विकसित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है। पठन अभियान के दौरान स्कूलों और समुदायों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मुहिम का हिस्सा बन सकें। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों में 6 सप्ताह की योजना बनाई गई है, जिसमें पठन, लेखन, चित्रकला और सामुदायिक सहभागिता जैसी रोचक सीखने की गतिविधियाँ शामिल हैं।

# राजधानीवासियों को शीघ्र मिलेगी एक और बैडमिंटन कोर्ट की सौगात

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर नगर पालिक निगम के माध्यम से राजधानीवासियों को शीघ्र एक और बैडमिंटन कोर्ट की शानदार सौगात देने की तैयारी की जा रही है. नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 द्वारा भाठागांव मैदान में खिलाडियों और खेलप्रेमियों के लिए नवीन बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण एवं विकास कार्य तेज गति से निरन्तर प्रगति पर है. नगर निगम जोन क्रमांक 6 द्वारा इस वर्ष दशहरा पर्व पर ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में रामायण कालीन सभ्यता की जानकारी नागरिकों को सुन्दर कलाकृतियों के माध्यम से देने की तैयारी तेजी के साथ निरन्तर प्रगति पर है. इसमें नगरवासियों को ऐतिहासिक रामायण काल की जानकारी देने दीवारों पर सुन्दर आर्ट वर्क के माध्यम से सुन्दर तरीके से कलाकृतियों को कलाकारों के माध्यम से उकेरने का कार्य तेजी से प्रगति पर है. नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने जोन अधिकारियों को निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 6 द्वारा राजधानी शहर के महत्वपूर्ण मार्ग पचपेड़ीनाका चौक का सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र करवाने कार्ययोजना तैयार की जा रही है. आयुक्त ने इन कार्यों को सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा को दिए हैं.



# एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम थीम के तहत वृक्षारोपण

- **पवित्र दशहरा रथ के लिए काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए रोपे गए 251 पौधे**

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर दशहरा समिति की बैठक जगदलपुर जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें बस्तर दशहरा पर्व को सभी मिलकर उत्साहपूर्वक मनाने तथा सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बस्तर दशहरा समिति की बैठक के बाद पवित्र दशहरा रथ के निर्माण के लिए काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए एक विशेष पहल शुरू की गई। माचकोट रेंज के नकटी सेमरा वन क्षेत्र में कुल 251 पौधे लगाए गए, जिनमें से प्रत्येक पौधा एक पेड़ बस्तर के देवी देवताओं के नाम थीम के तहत बस्तर के देवताओं को समर्पित है। यह अनूठी थीम क्षेत्र के गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध को दर्शाती है।




यह अभियान बस्तर के दशहरा उत्सव की समृद्ध परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण के संरक्षण के प्रति समुदाय की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। यह पहल पेड़ों को स्थानीय देवताओं के साथ जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के साथ सांस्कृतिक विरासत के एकीकरण को भी दर्शाता है। इस अवसर पर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष मती वेदवती कश्यप, महापौर मती सफीरा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मणिराम कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष टी मरकाम, माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर पालिक निगम हरेश मंडावी, तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव रुपेश मरकाम सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# फ्रेशर फेस्ट 'रूबरू 2K24' में बॉलीवुड थीम पर हुआ फैशन शो







**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने अपने न्यू स्टूडेंट्स के लिए नया रायपुर स्थित कैंपस में फ्रेशर फेस्ट 'रूबरू 2K24' का शानदार आयोजन के साथ टीचर्सडे सेलिब्रेट किया। जूनियर एवं सीनियर स्टूडेंट्स के बीच टीम बिल्डिंग और सहभागिता बढ़ाने के मकसद से यह कार्यक्रम रखा गया। यहाँ सांग और डांस की सोलो, डूएट और ग्रुप कैटेगरी के साथ स्टूडेंट्स के लिए रील और फैशन शो पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। फैशन शो का थीम वर्ष 1990 से 2010 तक के बॉलीवुड एरा पर केंद्रित रहा। उद्घाटन कार्यक्रम में आईटीएम यूनिवर्सिटी की डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति, बतौर गेस्ट जज दूरदर्शन के निर्माता निर्देशक नीलम सोना, सिंगर गोपा सान्याल, मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ फाइनलिस्ट अनुष्का सोना एवं रजिस्ट्रार सौरव चटर्जी, जॉइंट रजिस्ट्रार विकास भोंसले, जनरल मैनेजर दीप्ति मिश्रा सहित विभिन्न शिक्षण विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। सोलो डांस में प्रथम सिंह बघेल विनर और निशिता माखीजा रनर–अप रहीं जबकि डुएट डांस में जोन्सी पन्ना और दीपांशी यादव विनर रहीं। ग्रुप डांस में संचिता एवं साथियों ने आकर्षक प्रस्तुति से विनर और यशवी अपनी साथियों के साथ रनर अप बनीं। सांग की अलग श्रेणियों में प्रियांश विश्वास, भावना सुराना और सिद्धार्थ फर्स्ट रहें। फैशन शो में बेस्ट वॉक के लिए प्रेम शंकर मिश्रा और महक अमुलानी, बेस्ट कस्ट्यूम्स के लिए आँचल सोनी और अनीश दुबे को अवार्ड मिला। दूसरी ओर ओवरआल बेस्ट कपल के लिए दीपांशी यादव और अक्षय कुमार हबलानी को अवार्ड मिला। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को डायरेक्टर जनरल लक्ष्मी मूर्ति एवं रजिस्ट्रार सौरव चटर्जी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल समन्वय स्टूडेंट्स अफेयर कमेटी ने किया।

# मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के विभिन्न जिलों के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राजमार्ग और खनिज तथा दूरसंचार से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सड़कों के निर्माण कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के लिए संबंध में भू–अर्जन, मुआवजा वितरण, वृक्षों की कटाई और वृक्षारोपण सहित अन्य कार्यों को शीघ्र करने के निर्देश संबंधित जिलें के कलेक्टर को दिए। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर–कोरबा और जांजगीर–चांपा जिले के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर–उरगा मार्ग, रायपुर–दुर्ग फोर लाइन सहित अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तरह से रायपुर–विशाखापट्नम–भारतमाला परियोजना सहित अन्य सड़कों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गेबरा पेंड्रा रोड, न्यू रेल परियोजना, तलाईपल्ली कोल परियोजना के कार्यों के सहित अन्य परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और उन्होंने कहा कि कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराने सुनिश्चित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मती ऋचा शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत सहित बीएसएनएल, रेल्वे, एनटीपीसी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग (एनएच) और कोरबा, रायगढ़, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, बिलासपुर, दुर्ग, महासमुंद सहित अन्य जिलें के कलेक्टर शामिल हुए।

# थर्ड जेंडर खोलना चाहती हैं ब्यूटी पार्लर, निगम को दिया आवेदन

**रायपुर**, प्रतिदिन राजधानी। राजधानी में कुछ थर्ड जेंडर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने ब्यूटी पार्लर खोलना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए नगर निगम में बाकायदा आवेदन दे रखा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित विभागीय अधिकारियों ने इस आवेदन पर विचार कर तय किया कि अगर तृतीय लिंग समुदाय आत्मनिर्भर बनना चाहता है, तो उन्हें कारोबार के लिए नगर निगम स्पेस देगा। शहर में थर्ड जेंडर को ब्यूटी पार्लर खोलनेनगर निगम गांधी मैदान के कांजी हाउस परिसर में दुकान देने तैयार है। इस परिसर में कुछ कमरे खाली हैं, जिन्हें नगर निगम ने उन्हें ब्यूटी पार्लर के लिए देने की तैयारी कर ली है। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा के साथ कांजी हाउस परिसर का जायजा लिया।



**कांजी हाउस कांप्लेक्स में स्पेस देने निगम तैयार**

निगम आयुक्त ने इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,जोन 4 के कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देश दिए कि, नियमों के अनुरूप इस अलाटमेंट पर कार्यवाही शुरू की जाये। यह पहल तृतीय लिंग समुदाय को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन की योजना के अनुरूप की जायेगी। उन्हें नगर निगम स्पेस फ्री में नहीं देगा, बल्कि नियम अनुसार लीज रेंट या किराया लिया जायेगा। कांजी हाउस परिसर की खाली दुकाननुमा स्पेस को व्यवस्थित कर उसे थर्ड जेंडर को एलाट किया जायेगा, ताकि वे जल्द ही पार्लर खोलकर अपना कारोबार शुरू कर सकें।

# एक मैसेज से अंधेरे में गुजार रहे ग्रामीणों को मिली रोशनी

- **मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया बनी लोगों का आशा का केंद्र**
- **समस्या सुनते ही आधी रात की गई त्वरित निराकरण**
- **मुख्यमंत्री साय का जताया आभार**

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर बेहद ही संवेदनशील है, यही वजह है कि लोक कल्याण के कार्यों में तेजी आई है तथा तत्काल समय पर समाधान भी मिल जाता है। आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से लोगों में बहुत उत्साह है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकारी अमला आम आदमी को राहत पहुंचाने पूरी तरह से सक्रिय है। दिन हो या रात समय की परवाह किए बिना समस्या का त्वरित गति से निराकरण किया जाता है। बिजली की समस्या से जूझ रहे पत्थलगांव क्षेत्र के कुछ ग्रामीण इलाकों को आधी रात को भी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में भेजे एक व्हाट्सऐप मैसेज से राहत मिल गई। पत्थलगांव के सुरेशपुर, बहनाटांगर, सुसडेगा, मुड़ेकेला ग्रामीण क्षेत्र में बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों द्वारा गुरुवार की दरमियानी रात को मुख्यमंत्री कार्यालय में व्हाट्सअप मेसेज के जरिये बिजली गुल रहने सम्बन्धी समस्या की जानकारी दी गयी। कैंप कार्यालय के निर्देश पर आधी रात को बिजली कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र में बिजली सुधार कार्य करवाकर बिजली को सुचारू रूप से चालु किया गया। बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय के माध्यम से एक व्हाट्सअप मेसेज पर समाधान मिलने पर नागरिकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है। बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में अब तक जशपुर सहित अन्य जिलों के बिजली व्यवस्था, राशन व्यवस्था, स्वास्थ्य लाभ, दिव्यांग व बुजुर्ग पेंशन संबंधित एव अन्य समस्त समस्याओं के समाधान की आस लेकर पहुंचने वाले हजारों लोगों को अब तक तत्काल राहत पहुंचाई जा चुकी है। गौरतलब है की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के नागरिकों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए ऐसी व्यवस्था बनाई है की आम नागरिक अपनी समस्या के समाधान के लिए सीएम कैम्प कार्यालय के टोल फ्री नंबर 07764–250061, 07764–250062, 07764–250068 पर घर बैठे कॉल कर सकते हैं।



# पीएम जनमन योजना : पहाड़ी कोरवा बसाहटों को सीधे मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

केन्द्र सरकार की महत्वाकां योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहुंचविहीन पीवीटीजी बसाहटों को पक्की संपर्क सड़कों के जरिए मुख्य रास्तों से जोड़ा जा रहा है। पीएम जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से पक्की सड़कों का निर्माण कर विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों वाले बसाहटों के 100 या अधिक की आबादी वाली प्रत्येक बसाहट के लिए सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से मजबूत किया जा रहा है। इन सड़कों से आवागमन सुलभ होने के साथ–साथ स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, दैनिक कामकाज के लिए गांव से शहर आवागमन की बेहतर सुविधा लोगों को मिलेगी।



इसी कड़ी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से प्रथम चरण में जिला सरगुजा में 189.43 किमी कुल लंबाई की 51 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें से 47 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सड़क निर्माण हेतु की कुल स्वीकृत राशि 157.17 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के द्वारा ये सड़कें जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की 54 बसाहटों से जुड़ेंगी, जिसकी स्वीकृति छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदान की गई है।

कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई ने बताया कि द्वितीय चरण में 148.99 किमी लंबाई की 40 नवीन सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। इसमें प्रमुख रूप से उदयपुर विकासखंड में बकोई से भेलवाडांड 10.15 किमी, टी 01 भकुरमा रोड से बुले केदमा 9.82 किमी की सड़क को प्रस्ताव में शामिल किया गया है। अंबिकापुर में राम नगर से लुकुम घुटरा 4.92 किमी, मोहनपुर से कोरवा पारा 2.81 किमी, पंपापुर से हर्राघाट 3.42 किमी, लुण्ड्रा विकासखंड में डकई से डकई बेवरा 4.33 किमी, जरकेला से चेउरपानी 4.02 किमी, चित्तपुर से चेउरपानी 3.60 किमी, अजिरमाकला से मांझा बेवरा 3.50 किमी सड़क निर्माण किया जाना है।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 7, सितबंर 2024

# राष्ट्रवादी और लोकलुभावन राजनीति

*करीब एक हफ्ते पहले, जर्मनी के पश्चिमी शहर जूलिंगन में एक स्थानीय उत्सव के दौरान कई लोगों को चाकूबाजी का शिकार बनाए जाने से देश में हंगामा मचा था। इस घटना में तीन लोग मारे गए। कथित अपराधी एक सीरियाई था जो जर्मनी में शरण लेना चाह रहा था। उसे कई महीने पहले जर्मनी से निर्वासित कर दिया जाना चाहिए था। अभियोजक इस घटना को इस्लामिक उग्रवाद से जोड़ रहे हैं। घटना के बाद से शरणार्थियों को देश से निकाल बाहर करने एवं शरण देने संबंधी कानूनों को कड़ा बनाने की मांग बड़े पैमाने पर उठने लगी। माहौल में आक्रोश था और परिवर्तन की चाहत भी।*

*उस उत्तेजनापूर्ण माहौल का लाभ उठाते हुए अति दक्षिणपंथी आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी ने एक नया नैरेटिव चलवाया। एएफडी के एक नेता बियोर्न होके ने हमले का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया और सवाल पूछा, ꖾजर्मनों, थिरुंजीयानों (जर्मनी के एक प्रांत थिरुन्जिया के निवासी) क्या आप ऐसे हालातों में जीने के आदी बनना चाहते हैं?*

या आप लादे गए बहुसंस्कृतिवाद के गलत रास्ते को छोड़ना चाहते हैं?ꖾ पार्टी के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए, और आम लोग इस नैरेटिव से जुड़ते चले गए।

इसका नतीजा यह हुआ की रविवार को एएफडी ने थिरुन्जिया और सेक्सिनी के महत्वपूर्ण राज्य-स्तरीय चुनावों में ऐतिहासिक सफलता हासिल की, जो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद हुए चुनावों में सबसे बड़ी थी। थिरुन्जिया, जहां पार्टी का नेतृत्व होके के हाथों में है, में पहली बार राज्य स्तरीय चुनावों में एएफडी सबसे शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरी है। दोनों राज्यों में उसे 30 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल हुए। पूर्वी जर्मनी में अति दक्षिणपंथ के प्रबल होने से प्रेक्षक चिंतित हैं क्योंकि इससे जर्मनी और यूरोप में प्रवासी विरोधी, राष्ट्रवादी और लोकलुभावन राजनीति एक बार फिर जोर पकड़ सकती है। आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी, जो जर्मन भाषा में एएफडी नाम से जानी जाती है, एक राष्ट्रवादी पार्टी है जो 11 सालों से राजनीति में है। पार्टी का विदेशियों के प्रति द्वेष भाव सर्वज्ञात है। उसे छह साल पहले तब प्रसिद्धि हासिल हुई जब तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल ने मध्यपूर्व के युद्धग्रस्त देशों के दस लाख से अधिक निवासियों को जर्मनी में आने दिया और वहां बसने की अनुमति दी। अपनी नीतियों के चलते एएफडी को सरकारी निगरानी में रखा गया है क्योंकि यह जर्मनी के संविधान के लिए खतरा है। इसके बावजूद पार्टी ने इन चुनावों में सर्वाधिक सीटें हासिल कीं। जूलिंगन में हुई चाकूबाजी की घटना के बाद जनता में होके के अति-दक्षिणपंथी आप्रवासी-विरोधी विचारों की स्वीकार्यता बढ़ गई है ङ्क इस हद तक कि प्रमुख राजनैतिक दल भी एफएडी के नैरेटिव को खारिज करने के बजाए उसका समर्थन कर रहे हैं। चांसलर स्कोल्ज ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि अवैध प्रवासियों पर लगाम कसी जानी चाहिए। शरण लेने के इच्छुक ऐसे लोगों, जिनके अनुरोध अस्वीकार कर दिए गए हैं, के तत्काल निर्वासन पर जोर दिया जा रहा है। डेश पीगर (जिसका अर्थ होता है आईना) को दिए गए एक साक्षात्कार में स्कोल्ज ने कहा ꖾहमें यह तय करने का अधिकार है कि हम किसे आने दें और किसे नहींꖾ। एक अन्य साक्षात्कार के दौरान जब स्कोल्ज से अरब पृष्ठभूमि के लोगों के ꖾइजराइल के प्रति नफरतꖾ और यहूदी-विरोधी रवैये के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब था ꖾहमें बहुत बड़े पैमाने पर निर्वासन की कार्यवाही करनी चाहिए। एएफडी के अलावा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में जुटी एक और पार्टी भी मैदान में है जिसने अपने गठन के केवल आठ महीने बाद चुनावों में अच्छी-खासी कामयाबी हासिल की। सारा वागनकनेख एलाइंस (बीएसडब्लू) एक 'वाम-रूढ़िवादी' पार्टी है जिसे जनवरी में वागनकनेख नाम की पूर्वी जर्मनी की एक पूर्व कम्युनिस्ट द्वारा स्थापित किया गया था, जिसने अन्य वाम दलों से नात तोड़ लिया था। यह एक अति-वामपंथी दल है और इसने चुनावों में दोनों राज्यों में तीसरा स्थान हासिल किया। एएफडी की तरह बीएसडब्लू भी जर्मनी में कड़ी आप्रवासन नीति की पक्षधर है और यूक्रेन का साथ देने का विरोध करती है और यूक्रेन-रूस विवाद का हल युद्ध के जरिए नहीं बल्कि कूटनीति के माध्यम से हो, यह चाहती है। बीएसडब्लू का मजबूत प्रदर्शन जर्मनी के सोशल डेमोक्रेट्स के लिए बुरी खबर है। चांसलर ओलाफ स्कोल्ज भी इसी पार्टी में हैं और इस बात का खतरा है कि पार्टी के और बहुत से वामपंथी मतदाता उससे दूर हो जाएं।

सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में जुटी इन पार्टियों का मजबूत प्रदर्शन केन्द्रीय सरकार के लिए एक बड़ा झटका है। राष्ट्रीय सरकार में शामिल तीनों दलों ङ्क सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, ग्रीन पार्टी और लिब्रेटेरियन फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी ङ्क को इन राज्यस्तरीय चुनावों में काफी नुकसान झेलना पड़ा है। इससे यह साफ हो गया है कि ये पार्टियां और उनके नेता न केवल पूर्व पूर्वी जर्मनी में अलोकप्रिय हो गए हैं बल्कि कमोबेश पूरे देश में यही स्थिति है। यह स्पष्ट है कि अगले राष्ट्रीय चुनाव में देश दक्षिणपंथ की ओर करवट लेगा।

## अराजकता जैसी स्थिति

बदलाव के सकारात्मक परिणाम की उम्मीदें गुजरे लगभग तीन हफ्तों में बिखर चुकी हैं। इस दौर में अराजकता जैसी स्थिति बनी रही है। इससे ये धारणा गहरी होती चली गई है कि फिलहाल किसी नई शुरुआत की संभावना नहीं है। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन के सफल होने के बाद देश के जिन हलकों में उम्मीद का माहौल बना, वहां अब मायूसी घर कर रही है। बदलाव के सकारात्मक परिणाम होने की उम्मीदें गुजरे लगभग तीन हफ्तों में बिखर चुकी हैं। इस दौर में अराजकता जैसी स्थिति बनी रही है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्रतिशोध से प्रेरित हिंसा के जारी रहने से यही धारणा बनी है कि अत्याचार के निशाने भले बदल गए हों, लेकिन देश में फिलहाल किसी नई शुरुआत की उम्मीद नहीं है। इसी बीच कार्यवाहक सरकार ने जमात-ए-इस्लामी और उसके छात्र संगठन छात्र शिविर पर से प्रतिबंध हटा लेने का एलान किया है। सरकार के मुताबिक इन संगठनों के दहशतगर्दी में शामिल होने के कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं हुआ। इसी बीच एक दशक पहले एक धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर की हत्या के दोषी एक व्यक्ति को भी जेल से इस तर्क पर रिहा कर दिया गया है कि वह अपनी सजा भुगत चुका है। इन निर्णयों से उचित ही यह सवाल उठा है कि क्या बांग्लादेश के सत्ता तंत्र पर कट्टरपंथी इस्लामी तत्व हावी होते जा रहे हैं। उधर यह धारणा भी बनी है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बिना सत्ता में हुए सत्ताधारी दल जैसा व्यवहार कर रही है। इस बीच बांग्लादेश के स्वतंत्रता अभियान की धर्मनिरपेक्ष विरासत की वकालत करने वाली किसी शक्ति का अभाव नजर आया है।

बंगबंधु शेख मुजीब से जुड़े ठिकानों और 1971 के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित स्मारकों को नष्ट करने की घटनाओं के साथ इस शून्यता को जोड़ कर देखा जाए, तो यह आशंका तार्किक नजर आती है कि बांग्लादेश ऐसी डगर पर चल चुका है, जिससे पीछा छुड़ाते हुए वह अस्तित्व में आया था। इस बीच सड़कों पर हिंसक टकराव जारी हैं। अब तक केंद्रीय सत्ता को सख्ती से लागू करने में सहयोग करने को लेकर सेना अनिच्छुक बनी हुई है। पांच अगस्त को भंग हुई पुलिस व्यवस्था अब तक प्रभावी ढंग से बहाल नहीं हो पाई है।

## सम्पादकीय

### बघेल को सिंहदेव की तरह दुखी होने की जरूरत नहीं है...

चुनाव के समय सारे राजनीतिक दल जनता से,युवाओं से,महिलाओं से, किसानों से, मजदूरों से, शासकीय कर्मचारियों से कई तरह के वादे किए जाते हैं।कई वादे तो महज खास वर्ग का वोट लेने के लिए किए जाते हैं। सरकार बनने पर वह पूरे नहीं किए जाते है। कई वादे ऐसे होते हैं जिनको कुछ ही माह के भीतर सरकार पूरा कर देती है। कई वादे ऐसे होते हैं जिनको सरकार पांच साल में अपनी सुविधा के अनुसार पूरा करती है।कोई भी राजनीतिक दल जब चुनाव में वादा करता है तो यह वादा नहीं करता है कि वह कब तक पूरा किया जाएगा। इसलिए चुनाव के बाद हर सरकार को यह सुविधा रहती है कि वह अपना पांच साल में पूरा करे। कोई इस बात के लिए सरकार को बुरा नहीं कह सकता कि उसने अपना वादा सरकार के बनते ही क्यों नहीं किया। यदि सरकार पांच साल में अपने किए वादे पूरे नहीं करती है तो जरूर इसके लिए उसकी आलोचना की जा सकती है कि उसने पांच साल में अपना वादा पूरा नहीं किया। जैसे भूपेश सरकार आलोचना इस बात के लिए की जाती है कि उसने चुनाव में राज्य की महिलाओं से वादा किया था कि उसकी सरकार बनने पर वह छत्तीसगढ़ मे पूर्ण शराबबंदी करेगी और पांच साल वह शराबबंदी करने की बात भी करती रही लेकिन पांच साल में उसने अपना वादा पूरा नहीं किया। इस बात के लिए भूपेश सरकार की जितनी आलोचना की जाए कम है। इसी तरह रमन सरकार ने भी बोनस का वादा किया था और उसे पूरा नहीं किया था तो उसकी भी इस बात के लिए आलोचना की जाती रही है। रमन सिंह का वादा आखिर में साय सरकार को पूरा करना पड़ा। इससे कम से कम राज्य के लोगों में यह धारणा तो बनी है कि भाजपा जो वादा करती है,उसे पूरा जरूर करती है,उसे एक सरकार पूरा नहीं कर पाती है तो भाजपा की दूसरी सरकार जरूर पूरा करती है। ऐसे में भाजपा के दुर्ग के सांसद विजय बघेल को शासकीय कर्मियों को देय तिथि से महंगाई भत्ता,लंबित एरियर समेत अन्य वादों को लेकर दुखी होने की जरूरत नहीं है सरकार इस पर विचार नहीं कर रही है।

उनको जब भाजपा ने चुनाव घोषणापत्र समिति का संयोजक बनाया गया था, तब ही इस बात की ओर ध्यान देना था कि चुनाव घोषणापत्र समिति का संयोजक बनना कोई आसान काम नहीं है क्योंकि चुनाव के वक्त तो लगता है कि यह तो पार्टी का बड़ा काम है, पार्टी ने मुझको संयोजक बनाया है तो बड़ी जिम्मेदारी दी है, तब बहुत अच्छा लगता है। चुनाव घोषणा पत्र समिति का संयोजक की असली परेशानी तो सरकार बनने के बाद शुरू होती है क्योंकि वह सभी लोगो से सुझाव लेते हैं, बात करते हैं, आश्वस्त करते हैं कि यह वादा तो जरूर पूरा होगा। सरकार बनने पर वादा पूरा नही होता है तो लोग उनके पास तो आएंगे ही कि वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। विजय बघेल को टीएस सिंहदेव के साथ जो हुआ उससे सबक लेना था, उन्होंने नहीं लिया इसलिए अब उनको भी टीएस सिंहदेव के समान चुनाव में किए वादे पूरे होने पर लोगों की बातें सुननी पड़ रही है। भूपेश बघेल सरकार में मंत्री, फिर डिप्टी सीएम रहने के बाद भी टीएस सिंहदेव जनता के किए वादे पूरे नहीं करा पाए थे। वह भी जब लोगों के बीच जाते थे. तो लोग उनको वादों की याद दिलाते थे, तो सिंहदेव का लोगों से कहना पड़ता था कि अब मेरे हाथ में कुछ नहीं है, एक बार तो उन्होंने लोगों की बातें सुनकर एक विभाग के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। विजय बघेल को दुखी होने की जरूरत नहीं है।वह तो कह सकते हैं कि अभी तो सरकार बने कुछ महीने हुए हैं, जनता से जो भी वादा भाजपा ने किया है,वह सब पूरा किया जाएगा। विजय बघेल को भूपेश बघेल से ही सीखना चाहिए कि कैसे उन्होंने वादा पूरा नहीं किया लेकिन जनता से कभी नहीं कहा कि वह शराबबंदी का वादा पूरा नहीं करेंगे। साय सरकार ने जो भी वादे जल्द पूरे किए जाने थे,वह पूरे कर दिए है तथा पूरे कर रहे है। कुछ वादे होते हैं जिनको सरकार अपनी सुविधा के अनुसार पूरे करती है।

## राशिफल

मेष राशि :आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। आज व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

वृष राशि :आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा।

मिथुन राशि :आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। उनकी सेहत और परिवार का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है। बच्चो के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। बाहर के ऑयली खाने से परहेज करेंगे।

कर्क राशि :आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ेगे तो भविष्य में आपकी सफलता के अवसर बढ़ जायेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने में सहजता रहेगी।

सिंह राशि :आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। आज के दिन आपके लिए कमियों से सीख लेकर आगे बढ़ने का है। ऐसा करने से आप उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

कन्या राशि :आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज यात्रा से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आज आपकी परिस्थितियों में बदलाव होगा। थोड़ा समय परिवार वालों के साथ बीताने और बातचीत करने से किसी खास मुद्दे का समाधान निकलेगा।

तुला राशि :आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज पुश्तैनी जमीन-जायदाद से जुड़ा काम सुलझ सकता है।

वृश्चिक राशि :आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। आज परिवार के कुछ जरूरी काम होंगे। आज किसी से फोन पर लम्बी बात हो सकती है।

धनु राशि :आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा।

मकर राशि :आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे।

कुंभ राशि :आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी।

मीन राशि :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा। साथ ही कोई कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें।

## सेहत नामा ...

# गाजर खाने के एक नहीं कई हैं फायदे, जान लेंगे तो हो जाएंगे हैरान

गाजर एक ऐसी सब्जी होती है जो सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. पहले यह सिर्फ सर्दियों में मिलती लेकिन अब यह पूरे साल मिलती है. गाजर में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं. इसे खाने से आंख, लिवर, किडनी और शरीर के बाकी अंगों को भी काफी ज्यादा फायदा मिलता है. आइए जानें रोजाना गाजर खाने से क्या फायदा होता है.



### गाजर का इतिहास

गाजर जड़ वाली सब्ज़ियां हैं जो सबसे पहले 900 ई. के आसपास अफ़गानिस्तान में उगाई गई थीं. नारंगी उनका सबसे प्रसिद्ध रंग हो सकता है. लेकिन वे बैंगनी, पीले, लाल और सफ़ेद सहित और भी दूसरे रंगों में भी मिलते हैं. शुरुआती गाजर बैंगनी या पीले रंग की होती थीं. नारंगी गाजर 15वीं या 16वीं शताब्दी के आसपास मध्य यूरोप में विकसित की गई थीं.

### ऑर्गेनिक बनाम नॉन-ऑर्गेनिक

ऑर्गेनिक गाजर में नैचुरल तरीकों से उगाया जाता है. वहीं उसमें किसी भी तरह के कैमिकल और कीटनाशकों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है. वहीं नॉन ऑर्गेनिक गाजर में पारंपरिक रूप से उगाई जाती हैं और कीटों के संक्रमण और बीमारियों को रोकने के लिए कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है.

### आंखों के लिए होता है फायदेमंद

गाजर को आंखों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है. क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन ए और अल्फा-कैरोटीन, बीटा-कैरोटीन नाम के दो कैरोटीनॉयड होते हैं. लेकिन गाजर में सिर्फ एक पोषक तत्व नहीं बल्कि कई सारे पोषक तत्व होते हैं जो आंखों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं. गाजर में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन आंखों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है. यह आंखों की रेटिना और लेंस के लिए अच्छा होता है. रोज एक गाजर खाएं यह सेहत के लिए अच्छा होता है.

### शुगर मैनेज करने में मददगार

गाजर में ढेर सारे फाइबर होते हैं जो ब्लड शुगर और इंसुलिन के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है. कच्ची या थोड़ी पकी हुई गाजर में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है.जो शुगर बैलेंस में मदद करता है. डायबिटीज के मरीज आराम से गाजर खा सकते हैं.

### वजन को करना है कंट्रोल

गाजर की सबसे खास बात यह है कि इसमें 88 प्रतिशत तक पानी होता है. इसमें फाइबर और रफेज होती है. जिससे वजन कंट्रोल में रहता है. इसके अलावा अगर आप हर रोज एक गाजर खा लेते हैं तो लगभग 80 प्रतिशत कैलोरीज खा लेते हैं जिसके कारण काफी देर तक पेट भरा हुआ लगता है. यह सब्जी वजन कंट्रोल करने में मदद करता है.

### बीपी बैलेंस करने में होता है कारगर

अगर आपका बीपी हाई है तो हर रोज 1 गाजर खाना चाहिए. गाजर में पोटेशियम की मात्रा काफी ज्यादा होती है. जो बीपी बैलेंस करने का काम करती है. साथ ही यह शरीर में सोडियम का लेवल बैलेंस करता है. जिससे बीपी कंट्रोल में रहता है. दिल को हेल्दी रखने में गाजर काफी ज्यादा अच्छा होता है.

# महिलाओं को अगर दिल की बीमारी से बचना है तो यह 5 कार्डियो जरूर करना चाहिए

कार्डियो एक्सरसाज को हर महिला को अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करना चाहिए ताकि क्रोनिक हार्ट डिजीज़ के जोखिम को कम किया जा सके. दरअसल, इन असरदार वर्कआउट्स के जरिए दिल में ब्लड सर्कुलेशन अच्छे तरीके से होता है और यह दिल के लिए हेल्दी रहता है. यह हार्ट हेल्थ के लिए बहुत अच्छा होता है. रोजाना एक्सरसाइज हार्ट हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है.



### तेज चलना

अगर आपको कोई भी टफ एक्सरसाइज करने का मन नहीं तो आप एक एक्सरसाइज कर सकते हैं. वह है तेज चलना. तेज चलना आपके हार्ट बीट को बढ़ाने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है. हर दिन कम से कम 30 मिनट तेज चलने का लक्ष्य रखें. यह व्यायाम जोड़ों के लिए आसान है और लगभग कहीं भी किया जा सकता है, जिससे यह सभी फिटनेस स्तरों के लिए एक बढ़िया विकल्प बन जाता है.

### दौड़ना या जॉगिंग

दौड़ना और जॉगिंग आपके हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के बेहतरीन तरीके हैं. ये उच्च-तीव्रता वाले व्यायाम आपकी हृदय गति को बढ़ाते हैं और कैलोरी जलाते हैं, जो वजन को कंट्रोल करने और दिल की बीमारी के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं. कम दूरी से शुरू करें और जैसे-जैसे आपकी फिटनेस बेहतर होती है, धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाते रहें.

### साइकिल चलाना

साइकिल चलाना, चाहे स्थिर बाइक पर हो या बाहर, एक कम प्रभाव वाला व्यायाम है जो दिल से जुड़ा एक बहुत अच्छा एक्सरसाइज है. यह आपके पैर की मांसपेशियों को मजबूत करता है और आपके हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है. इससे फायदा लेना है तो हर सप्ताह कम से कम 150 मिनट मध्यम-तीव्रता वाली साइकिल चलाने का लक्ष्य रखें.

### रस्सी कूदना

रस्सी कूदना एक मज़ेदार और प्रभावी कार्डियो वर्कआउट है जिसे लगभग कहीं भी किया जा सकता है. यह हृदय स्वास्थ्य, समन्वय और सहनशक्ति में सुधार करता है. छोटे सत्रों से शुरू करें और धीरज विकसित करने के साथ-साथ धीरे-धीरे अवधि बढ़ाएं. रस्सी कूदने से कैलोरी बर्न करने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद मिलती है.

### डांस

डांस करने से सिर्फ आपका मन ही खुश नहीं होता बल्कि ओवरऑल हेल्थ भी अच्छा होता है. यह एक बेहतरीन कार्डियो वैस्कुलर एक्सरसाइज भी है. चाहे आप साल्सा, हिप-हॉप या एरोबिक डांस क्लास पसंद करते हों, डांस आपकी हार्ट बीट को बढ़ाने में मदद करता है और पूरे शरीर की कसरत प्रदान करता है.

# खून की कमी को आयरन से भरपूर ये चीज़ें

आयरन कम होने पर एनीमिया के शिकार हो सकते हैं। एनीमिया की समस्या में रेड ब्लड सेल्स नहीं बन पाते हैं जिससे हीमोग्लोबिन लेवल कम हो जाता है और इस वजह से कई बीमारियां हो सकती हैं। बता दें, हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है जो फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के अन्य सभी अंगों तक पहुंचाता है। ऐसे में आयरन को हीमोग्लोबिन का जरूर घटक माना जाता है। आयरन से शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं (रेड ब्लड सेल्स) बनती हैं जो पूरे शरीर में खून के साथ ऑक्सीजन की सप्लाई करती हैं। एनीमिया होने पर थकान, कमजोरी और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। ऐसे में शरीर में खून की कमी न हो इसलिए अपनी डाइट में आयरन से भरपूर इन फूड्स का सेवन करें।



खजूर, अंजीर और किशमिश: खून की कमी को पूरा करने में इन ड्राई फरूट का कॉम्बिनेशन कमाल का है। इन नट्स में आयरन, मैग्नीशियम, कॉपर, विटामिन ए और सी पाया जाता है। 2-3 रात भर भिगोए हुए खजूर, 2 अंजीर और एक चम्मच किशमिश नाशते के रूप में या अपने नाशते के साथ लें, जो तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं और शरीर में आयरन बढ़ाते हैं।

आंवला, चुकंदर और गाजर: चुकंदर और गाजर आयरन से भरपूर होते हैं और आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है। इन तीनों को एक साथ खाने से आयरन से भरपूर एक बेहतरीन रेसिपी बनती है क्योंकि आंवले में मौजूद विटामिन सी अन्य दो से आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है।

## राजधानी की खबरें

# सांसद विजय बघेल ने मोदी की गारंटी की पोल खोल दी

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सांसद विजय बघेल ने मोदी की गारंटी की पोल खोल दी है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के साथ वादाखिलाफी किया है, हर वर्ग सरकार से नाराज है, 9 महीने में ही सरकार अलोकप्रिय हो चुकी है। विजय बघेल ने अपनी सरकार को चुनावी वादा याद दिलाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के नाम से शासकीय कर्मचारियों से जो वादा किया गया था वह अब तक पूरा नहीं हुआ है, सरकार में बैठे लोगों को आईना दिखाया है। और चेतावनी भी दी है वादा पूरा नहीं होने के कारण वो कर्मचारियों के साथ खड़े है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी के गारंटी अब प्रदेश की जनता के लिए धोखा साबित हुआ है। महतारी वंदन योजना में प्रदेश के सभी महिलाओं को लाभ नहीं मिल रहे, युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर नहीं मिल रहा है। 500 रु में रसोई गैस देने का वादा भी अधूरा है। 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा भी झूठा निकला, पुलिस विभाग, वन विभाग में छटनी की जा रही है। अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा किया गया था उसके लिए अब सिर्फ कमेटी बनाई गई है। डबल इंजन में जो विकास होने का दावा किया गया था सड़कों में गड्ढे दिख रहे हैं,

# चक्रधर समारोह : आज से शुरू होगा सांस्कृतिक महाकुंभ

## मुख्यमंत्री साय शुभारंभ समारोह में होंगे शामिल

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 07 सितंबर को शाम 5.30 बजे रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित 39वें चक्रधर समारोह–2024 का शुभारंभ करेंगे। यह समारोह अगले 10 दिनों तक कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ सांस्कृतिक रस में सराबोर रहेगी। देश के ख्यातिनाम कलाकार कार्यक्रम देने रायगढ़ पहुंचेंगे। पहले दिन प्रख्यात अभिनेत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना पद्मश्री हेमा मालिनी प्रसिद्ध राधा रास बिहारी का मंचन करेंगी। समारोह का शुभारंभ श्री गणेश पूजन, दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से होगा। जिसके पश्चात रायगढ़ कथक घराने के वरिष्ठ कलाकार तथा इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए



श्री रामलाल जी को कथक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसके बाद श्री भूपेंद्र बरेठ और साथी कलाकारों द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात दर्शकों को छत्तीसगढ़ की माटी के लोक विधा करमा नृत्य का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। जशपुर के श्री मनियर भगत एवं साथी के द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री हेमा मालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगी।चक्रधर समारोह के 10 दिवसीय आयोजन में स्थानीय कलाकारों से लेकर राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के कुल 62 इवेंट आयोजित हैं। जिसमें नृत्य और वादन की विभिन्न विधाओं के साथ गायन और कवि सम्मेलन के कार्यक्रम शामिल हैं।

**चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार**

चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार है। यहां करीब 29 हजार स्क्वायर फीट की बैठक व्यवस्था बनाई गई है। मुख्य डोम पहले की तुलना में बड़ा बनाया गया है।

# वन विभाग ने हनुमान लंगूरों के अवैध शिकार के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने साजा वन परिक्षेत्र के ग्राम बेलगांव में आठ हनुमान लंगूरों के अवैध शिकार के मामले में मुख्य आरोपी रामाधार को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रमुख वन बल प्रमुख वी. निवास राव तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक राव ने ऐसे मामलों में लगातार कार्यवाही के निर्देश दिए है। दुर्ग सर्किल के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) डॉ. केनिली माचिओ एवं वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) चंद्रशेखर परदेशी के नेतृत्व में राज्य उड़नदस्ता द्वारा यह कार्रवाई 5 सितंबर 2024 को की गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के पास से बंदूक बरामद हुई है, जिसका उपयोग 28 अगस्त 2024 को हुए इस अवैध शिकार में किया गया था। यह गिरफ्तारी धमधा की परिक्षेत्र अधिकारी मती लक्ष्मी आदित्य और साजा के परिक्षेत्र अधिकारी पी.आर. लसेल द्वारा की गई, जिसमें बेमेतरा के उप वनमंडलाधिकारी (एसडीओ) वी.एन. दुबे और अन्य वन विभाग के अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर की बैठक डी.डी. नगर दिगंबर जैन मंदिर में हुई, सामुहिक क्षमावाणी

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

श्री दिगंबर जैन सकल जैन समाज रायपुर की एक बैठक का आयोजन डी. डी. स्थित वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर रायपुर में किया गया। सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर के वर्तमान अध्यक्ष नरेश सिंघई ने बताया की आयोजित बैठक में जैन धर्म के सब से बड़े पर्वधिराज पर्युषण महापर्व पर पड़ने वाली क्षमा वाणी दिवस पर सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर के समस्त मंदिरों के सदस्यो द्वारा सामूहिक क्षमा वाणी पर्व का आयोजन राजधानी रायपुर के अनुरूप वृहद पैमाने पर एक साथ किए जाने की रूप रेखा पर चर्चा की गई। साथ ही साथ प.पु. समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महामुनिराज के 17 अक्टूबर 2024 को शरद पूर्णिमा के दिन में पड़ने 78 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः प्रभात फेरी,विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन, राजधानी रायपुर के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों एवं समस्त धर्म के धर्म प्रेमी बंधुओ,समस्त संत समाज,सामाजिक संस्थाओं,व्यक्तियों,जन सेवको को आमंत्रित कर महाआयोजन



आयोजित करने की चर्चा भी की गई। नरेश जैन ने बताया की विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर महाराज जी की सल्लेखना पूर्वक समाधि 17 फरवरी को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में हो गई थी। और ये हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि समाधि के पूर्व हम राजधानी रायपुर वासियों को उनका पावन सानिध्य प्राप्त हुआ था। छत्तीसगढ़ में ऐसे महान आचार्य की समाधि से यह धारा पावन हो गई है। इसलिए सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर ने उनके 78 वे जन्म दिवस को महामहोत्सव के रूप में मानने का निर्णय लिया है। इस बैठक में विशेष रूप से रायपुर के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों के ट्रस्टी,अध्यक्ष ,कार्यकारणी सदस्य बा. ब्रह्मचारी सुनील भईया जी, विनोद बड़जात्या जी ,सनत जैन, नरेश सिंघई, इंजी.मनीष जैन,सुजीत जैन,राजेश जैन टैगोर नगर,यशवंत जैन,अरविंद बड़जात्या,नरेश पाटोदी,नवीन जैन,दीपक जैन,अंकुर जैन,सुबोध जैन,पुष्पेंद्र जैन,रमेश जैन ,लोकेश जैन, आनंद जैन,शशांक जैन,दीपक जैन,प्रणीत जैन,आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 948.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 948.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 06 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1993.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 504.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 520.7 सूरजपुर जिले में 925.5 मिमी, बलरामपुर में 1362.0 मिमी, जशपुर में 806.4 मिमी, कोरिया में 940.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में 947.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 777.0 मिमी, बलौदाबाजार में 959.0 मिमी, गरियाबंद में 910.8 मिमी, महासमुंद में 733.4 मिमी, धमतरी में 821.2 मिमी, बिलासपुर में 870.2 मिमी, मुंगेली में 981.9 मिमी, रायगढ़ में 902.5 मिमी, सारंगढ़–बिलाईगढ़ में 554.4 है।

# शुभ खरीदारी के लिए बाजार तैयार,11 दिन जबरदस्त रहेगा कारोबार

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष–राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि शुभ खरीदारी के लिए प्रदेश भर में बाजार तैयार हो गए है और आटमोबाइल इलेक्ट्रानिक्स, सराफ़ा के साथ ही बाजारों में गणेश मूर्तियां, पूजन सामग्री व सजावटी सामानों के दुकान सजकर तैयार हो गए हैं। आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी एवं चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने बाजार का जायजा



लिया। अध्यक्ष पारवानी ने कहा कि इस वर्ष गणेश पक्ष में जबरदस्त कारोबार रहेगा।

श्री पारवानी ने कहा कि प्रदेश भर में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बेहद उत्साह से मनाया जाता है। शनिवार को बप्पा घरों एवं पंडालों में विराजमान होंगे। 17 सितंबर तक यह महोत्सव चलेगा। सुख समृद्धि एवं वैभव के दाता गणेश जी की कृपा प्रदेश के व्यापार पर दिख रहा है। गणेश चतुर्थी के इस सुअवसर पर व्यापार जगत में बूम आया हुआ है। लोग बड़ी संख्या में आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक, ज्वेलरी, प्रापर्टी आदि में निवेश कर रहे है। बाजारों में गणपति जी की मूर्तियों के साथ पूजन सामग्री, सजावटी सामान इत्यादि सब मेड इन इंडिया है, जिसे लेकर लोग अब सजग हो रहे हैं।

# आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को दबोचा, पर्सनल यूजर आईडी से देता था कंफर्म टिकट

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

रेलवे सुरक्षा बल ने मंदिर हसौद इलाके के चंद्रखुरी में पर्सनल यूजर आईडी से ट्रेनों का आरक्षित टिकट बनाकर बेचते हुए अश्वनी वर्मा (28) को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 36 हजार रुपये कीमत का 39 ई टिकट बरामद किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक एसके राठौर ने बताया कि नरदहा रोड चंद्रखुरी स्थित डिजिटल सेवा सर्विस पाइंट की आड़ में अश्वनी वर्मा कई दिनों से रेलवे का आरक्षित



ई–टिकट बनाकर बेचता आ रहा था। शिकायत मिलने पर डिटेक्टिव विंग की टीम ने वहां दबिश दी। आरक्षित ई–टिकट बनाने के संबंध में अश्वनी ने बताया कि वह मोबाइल रिपेयरिंग के साथ सभी प्रकार के ऑनलाइन काम के साथ पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर रेलवे के वेबसाइट पर जाकर आरक्षित ई–टिकट बनाता है। उसने पर्सनल यूजर आईडी के साथ इससे बने 39 टिकट भी पेश किया।

रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़े अश्वनी वर्मा ने पूछताछ में बताया कि वह प्रत्येक ई–टिकट को पचास से सौ रुपये अधिक लेकर लोगों को बेचता आ रहा था। मौके से टिकट के साथ एक सीपीयू, एक मोबाइल आदि जब्त किया गया। मामले में रेलवे एक्ट की कार्रवाई कर दलाल पर आगे की कार्रवाई करने मंदिर हसौद चौकी को सौंप दिया गया।

# मेडिकल और महारानी जिला अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज अपने बस्तर जिले के प्रवास में डीमरापाल स्थित मेडिकल अस्पताल और महारानी जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल अस्पताल के निरीक्षण में अस्थि वार्ड, शिशु वार्ड, नर्सिंग वार्ड, ऑपरेशन थियेटर का जायजा लिया और महारानी अस्पताल में ओपीडी वार्ड, शिशु वार्ड एवं अन्नपूर्णा रसोई कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम पूछा, अस्पताल से मिल रही स्वास्थ्य



सुविधाओं की भी जानकारी ली। शिशु वार्ड में बच्चों को फल का भी वितरण किए। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता को बेहतर रखने, ऑपरेशन थियेटर में आवश्यक संसाधनों के लिये प्रस्ताव देने और मरीजों के परिजनों के प्रतीक्षालय कक्ष में टीवी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही महारानी अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई घर के मॉडल को अन्य जिलों में लागू करवाने के दिए निर्देश दिए। मंत्री जायसवाल ने मेडिकल अस्पताल में बाथरूम और किचन की पानी निकासी की समस्या के निराकरण हेतु सीजी मेडिकल हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के शौचालय का भी निरीक्षण स्वास्थ्य मंत्री ने किया और सफाई व्यवस्था के लिए सराहना की।

# शांतिनिकेतन महाविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

शिक्षक दिवस के अवसर पर शांतिनिकेतन महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हमारे माननीय शिक्षकों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संचालक श्री मुकेश गुप्ता जी, प्रधानाचार्य डॉक्टर श्रीमती देवाहूती के तिवारी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई .। संचालक मुकेश गुप्ता गुप्ता जी ने कहा कि हमारी पहली शिक्षक हमारी मां होती है शिक्षक ही समाज के निर्माता होते हैं और उन्हें समाज के भविष्य का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी जाती है। प्रधानाचार्य मैडम ने कहा की हमारे शिक्षकों ने अपने ज्ञान और अनुभव से हमें शिक्षित किया है ,और हमें एक अच्छा नागरिक बनाने में मदद की है। हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। इस अवसर पर मंच का संचालन रुद्राणी, हेड बॉय पंकज पटेल हेड गर्ल रिमझिम ने किया कार्यक्रम में सीनियर छात्र चितरंजन ,चेतन, रितिक, आदि ने जूनियर्स को मार्गदर्शित किया



इशांत शर्मा ने ने स्पीच एवं साक्षी वेलकम नृत्य प्रस्तुत किया, इसके अलावा सभी सरिता के छात्र–छात्राओं ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें शिक्षकों के लिए पुरस्कार वितरण, शिक्षकों द्वारा छात्रों के लिए संदेश और शिक्षकों के सम्मान में गेम एवं गीत और नृत्य की प्रस्तुति शामिल थी। इस अवसर पर एमडी सर द्वारा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनिरुद्ध तिवारी को वाइस प्रेसिडेंट के रूप मे ,डॉ अल्का मिश्रा को कल्चरल प्रभारी एवं प्रोफेसर अजय पटेल को खेल प्रभारी के रूप में बैच द्वारा सम्मानित किया गया।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर बागबहार में संपन्न



**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार लोगों की आवश्यकता, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश भर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पत्थलगांव विकास खंड ग्राम बागबहार में विगत दिवस जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। शिविर के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में हितग्राहियो को योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। विभागों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। किसानों को किसान किताब, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को बैसाखी एवं वहीलचेयर दिया गया। इस अवसर जनप्रतिनिधिगण और पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी और अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# कैट का विद्युत बचत एवं अक्षय ऊर्जा पर हुई कार्यशाला




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) चेन्नई, के संयुक्त तत्वावधान में विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा कार्यशाला हुआ। उपरोक्त कार्यशाला के कार्यक्रम संयोजक मोहन वल्र्यानी थे। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि हमे खाली कमरे में लाईट, पंखा एवं एसी चालू नहीं रखना चाहिए जिससे कि अनावश्यक विद्युत की खपत होती है। विद्युत उपकरण हमेशा फाईव स्टार रेटिंग वाला ही उपयोग में लेना चाहिए।

# श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया।विश्वविद्यालय की आई क्यू ए सी के तत्वाधान में रैली,पोस्टर प्रदर्शनी,संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे नेत्र विशेषज्ञों ने नेत्रदान के महत्व पर सारगर्भित जानकारी दी। विश्व विद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ स्वरणली दास पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के विधार्थियों ने रैली निकालकर जागरूकता संदेश का प्रचार प्रसार किया।श्री शंकराचार्य




मेडिकल इंस्टीट्यूट एवम अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल इंस्टीट्यूट के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञों एवम चिकित्सा छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व विद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नेत्रदान एक महान कार्य है जो कॉर्निया प्रत्यारोपण वाले लोगों का जीवन पूरी तरह बदलने की क्षमता रखता है। नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है।जो लोग रोगग्रस्त या अंधेपन के साथ जी रहें हैं,इस सर्जरी के परिणाम स्वरूप उनके जीवन में बड़ा बदलाव आता है।यह उन्हे दृष्टि देने,आत्मनिर्भरता हासिल करने और आत्मविश्वास के साथ जीवन गुजारने और करियर को आगे बढ़ाने में सहायक है जिससे वे वंचित थे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आनंद देशपांडे ने बताया कि नेत्रदान मृत्यु के बाद ही होता है।एक व्यक्ति द्वारा नेत्रदान करने से दो नेत्रहीनों को आंख की रोशनी मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इंपियरमेंट के अनुसार लगभग दस लाख लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं और कॉर्नियल ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहें हैं।यह इस बात का प्रमाण है कि लोगों के बीच अभी भी इसकी जागरूकता बढ़ाने बहुत कुछ करने की जरूरत है।

# 9 सितंबर को प्रदेश में बलराम जयंती - किसान दिवस मनाया जाएगा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में कृषि के देवता माने जाने वाले भगवान श्री बलराम जी की जयंती 9 सितम्बर, 2024 को भगवान श्री बलराम जयंती–किसान दिवस के रूप में मनाया




जा रहा है। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के कृषि मण्डपम में दोपहर 12:00 बजे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री दिनेश कुलकर्णी हांगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद, रायपुर, श्री अनुज शर्मा, विधायक, धरसींवा, श्री मोतीलाल साहू, विधायक, रायपुर ग्रामीण, डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं श्री सुरेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रान्त उपस्थित रहेंगे।



# वरुण धवन-सामंथा रुथ प्रभु की सिटाडेल हनी बनी को मिली रिलीज तारीख

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु स्टारर मोस्ट अवेटेड प्राइम वीडियो सीरीज सिटाडेल हनी बनी की रिलीज डेट का एलान हो गया है. इसी के साथ सीरीज से एक वरुण और सामंथा का एक धांसू पोस्टर शेयर कर टीजर भी जारी किया गया है. टीजर में वरुण और सामंथा को गोलियां बरसाने के साथ-साथ फुल ऑफ एक्शन मोड में देखा जा रहा है.




सिटाडेल- हनी बनी के टीजर में सीरीज की स्टारकास्ट के चेहरे भी सामने आ चुके हैं. इसमें केके मेनन, सिंकदर खेर, फिल्म कबीर सिंह में शाहिद कपूर के दोस्त बने सोहम कपूर, एस्पिरेंट सीरीज के शिवाकिंत सिंह परिहार, साकिब सलीम, काश्वी मजूमदार और सिमरन ऋषि बग्गा अहम रोल में दिख रहे हैं . साथ ही वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु के अलग-अलग अवतार देखने को मिल रहे हैं. टीजर में वरुण-सामंथा के बीच रोमांस भी देखा जा रहा है.

हाल ही में सिटाडेल- हनी बनी के मेकर्स ने 1.08 तारीख को शेयर किया था और दर्शकों को बेचैनी में छोड़ा था. वहीं, बाद में बताया गया है कि सिटाडेल- हनी बनी की रिलीज डेट का इस दिन एलान किया जाएगा. बता दें, सिटाडेल- हनी बनी आगामी 7 नवंबर 2024 को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रही है.

रूसो ब्रदर्स सिटाडेल- हनी बनी को बनाया है. सिटाडेल- हनी बनी रूसो ब्रदर्स के विदेशी प्रोजेक्ट सिटाडेल का इंडियन वर्जन है. सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा ने अहम रोल प्ले किया था. सिटाडेल- हनी बनी के डायरेक्टर राज एंड डीके हैं, जो इससे पहले फैमिली मैन बना चुके हैं.

# विक्रांत मैसी की सेक्टर 36 का खतरनाक ट्रेलर रिलीज




विक्रांत मैसी की अपकमिंग धमाकेदार सीरीज सेक्टर 36 13 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म सच्ची घटना पर बेस्ड है। सेक्टर 36 का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है, जिसे देख आपकी रूह कांप उठेगी। कई बच्चों के लापता होने की कहानी से लेकर पुलिस को चकमा देने वाले किडनैपर विक्रांत मैसी के साथ दीपक डोबरियाल भी नजर आएंगी। लापता हो रहे बच्चों की सच्चाई के बारे में पता लगने वाले एक पुलिस अधिकारी के सामने रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है, जिसके बाद उसके होश उड़ जाते हैं।

विक्रांत मैसी की सेक्टर 36 का ट्रेलर सोशल मीडिया पर मेकर्स ने शेयर किया है। ट्रेलर में विक्रांत और दीपक गैंगस्टर लुक में धमाका करते दिखाई दे रहे हैं। विक्रांत मैसी स्टारर सेक्टर 36 शुरुआत से ही चर्चा में रही है। मेलबर्न के मशहूर इंडियन फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म ने धूम मचा दी थी और अब ओटीटी पर धूम मचाने वाली है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस क्राइम ड्रामा में विक्रांत और दीपक डोबरिया की टॉम एंड जेरी की दौड़ वाकई दिलचस्प लग रही है।

12वीं फेल विक्रांत मैसी एक बार फिर से ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। सेक्टर 36 में एक पुलिस अधिकारी झुग्गी बस्तियों से बच्चों के गायब होने के मामले की जांच करता है। इस दौरान उसका सामना खतरनाक सीरियल किलर से होता है जो बच्चों को किडनैप करता है। पोस्टर के बाद इसका नया वीडियो भी अब चर्चा में बना हुआ है। विक्रांत मैसी की फिल्म सेक्टर 36 अपनी रिलीज से पहले ही सुर्खियां बटोर रही है।

अभिनेता विक्रांत मैसी आज इंडस्ट्री के जाने-पहचाने नाम हैं जो 12वीं फेल के बाद दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो द्वारा निर्मित,

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने अनन्या के लिए लिखा खास नोट, 'कॉल मी बे' की रिलीज पर दी प्रतिक्रिया



अनन्या पांडे अपने वेब शो 'कॉल मी बे' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जो ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इस शो को लेकर काफी चर्चा हो रही है। दिलचस्प बात यह है कि शो के रिलीज होने के तुरंत बाद ही अनन्या के रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको ने अभिनेत्री के लिए एक प्यारा सा नोट लिखा। इस साल की शुरुआत में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दोनों को साथ-साथ देखे जाने के बाद अनन्या और ब्लैंको ने खूब सुर्खियां बटोरीं। ब्लैंको ने 'कॉल मी बे' का पोस्टर साझा करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'हे बे', यह देखकर प्रशंसकों को आश्चर्य हुआ कि क्या कथित प्रेमी जोड़े अपने इंस्टा-रिलेशनशिप को आधिकारिक बनाने के लिए तैयार हैं, यह देखते हुए कि उन्होंने इसे अब तक छुपाकर रखा था। हालांकि, अनन्या ने अभी तक ब्लैंको द्वारा उनके लिए लिखे गए विशेष पोस्ट पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अनन्या और ब्लैंको को पहली बार इस साल जुलाई में आयोजित अंबानी की शादी में एक साथ देखा गया था। दोनों अनंत की बारात में दिल खोलकर नाचते हुए भी दिखाई दिए थे। कथित तौर पर दोनों एक फ्रांसीसी क्रूज पर अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग पार्टी के दौरान मिले थे। इस बीच, प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही 'कॉल मी बे' को दर्शकों और आलोचकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।

# फाल्गुनी शेन पीकॉक के स्टोर लॉन्च में पहुंची गौरी खान, कहा- हर स्टोर नई प्रेरणा लेकर आता है



फैशन ब्रांड फाल्गुनी शेन पीकॉक ने गुरुवार को नई दिल्ली के द धन मिल में अपने प्रीवियर स्टोर का अनावरण किया। यह उद्घाटन और भी खास था, क्योंकि इस दिन ब्रांड की 20वीं वर्षगांठ थी और यह उसका प्रतीक बना। बता दें कि इस स्टोर को गौरी खान डिजाइन किया है। गौरी खान ने पिछले कुछ सालों में कई हाई-एंड प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। एएनआई से बातचीत में उन्होंने बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में उनका डिजाइन सेंस विकसित हुआ है। गौरी ने कहा, 'हर प्रोजेक्ट के साथ मेरा डिजाइन सेंस हर दिन विकसित होता है, जो नई प्रेरणा और एक नया नजरिया लेकर आता है।' जब उनसे पूछा गया कि स्टोर बनाने के पीछे क्या था, तो गौरी ने कहा, 'फाल्गुनी और शेन के स्टोर को डिजाइन करना उनकी शैली को एक भौतिक स्थान में बदलने के बारे में था। हमारा उद्देश्य उनके लक्जरी प्रीटवियर लाइन को फिर से नए इंटीरियर के साथ दिखान था।' ब्रांड के दो दशक के पूरे होने पर स्टोर को और भी खास बनाने के लिए, गौरी ने एक 'पर्सनल टच' जोड़ा। उन्होंने कहा, 'फाल्गुनी और शेन की दो दशकों के सफर का जश्न मनाने के लिए, हमने कस्टम पीतल मोनोग्राम फर्नीचर जैसी चीजों जोड़ा।' अपने सफर को अविश्वसनीय बताते हुए गौरी ने कहा, 'अविश्वसनीय, प्रत्येक परियोजना सीखने और रचनात्मकता से भरा एक नया रोमांच रहा है।



# इन दिनों अपने ससुराल हैम्बर्ग में समय बिता रही हैं श्रीजिता डे

अभिनेत्री श्रीजिता डे इन दिनों अपने ससुराल हैम्बर्ग में समय बिता रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी इस यात्रा की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की है। उतरन फेम दिवा के इंस्टाग्राम पर 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्?होंने अपने अकाउंट पर अपना हॉलिडे एल्बम शेयर किया है। फोटो में वह स्लीवलेस थाई-हाई स्लिट ड्रेस पहने हुए दिखाई दे रही हैं, जिसके साथ उन्होंने जूते और सनग्लासेस पहने हुए हैं। तस्?वीरों में खूबसूरत झील की झलक भी देखी जा सकती है। श्रीजिता ने ग्रामीण इलाकों की भी झलक दिखाई। एक तस्वीर में हम उन्हें हैम्बर्ग की सड़कों पर घूमते हुए बॉस लेडी वाइब्स के साथ देख सकते हैं। उनके पति माइकल ब्लोहम-पेप ने पोस्ट पर लिखा, समय बहुत तेजी से बीत गया.. क्या हम वापस जा सकते हैं बेबी श्रीजिता ने 1 जुलाई, 2023 को जर्मनी के एक चर्च में अपने लॉन्ग-टर्म बॉयफ्रेंड माइकल से शादी की। उनके करियर के बारे में बात करें तो उन्?होंने 2007 में टीवी शो कसौटी जिंदगी की से गार्गी तुषार बजाज की भूमिका निभाकर अपनी शुरुआत की। एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित इस शो में श्वेता तिवारी और सेज़ेन खान मुख्य भूमिका में थे।



# मोनालिसा ने क्रॉप टॉप पहने हुए शेयर किया बेहद क्यूट लुक

ए भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

हाल ही में उन्होंने अपने बेडरूम फोटोशूट की बेहद शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका लेटेस्ट लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

येलो कलर और रेड कलर का शॉर्ट्स साथ ही येलो टी-शर्ट पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने बेहद ही क्लासी फोटोशूट करवाया है।

नो मेकअप लुक और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

इन तस्वीरों में उनका क्यूट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक क्यूट पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 7, सितंबर 2024

Sports News

## आर.बी मार्शल आर्ट अकादमी ने छात्राओं,शिक्षिकाओं के लिए किया कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**एजेंसी, वाराणसी।** महिला आत्मरक्षा कार्यक्रम के तहत वाराणसी केसरायेडंगरीकला स्थित जी. डी. पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को आर.बी मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। आर.बी मार्शल आर्ट अकादमी के निमेष सिंह द्वारा विद्यालय की बच्चियों एवम् शिक्षिकाओ को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों, उपायों व उनके मूल अधिकारो के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपने सुरक्षा को बेहतर तरीके से सुनिश्चित कर सकें। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि मौजूदा समय में महिलाओं को आत्म सुरक्षा के लिए स्वावलंबी होना काफी आवश्यक है, इसी को ध्यान में रखते हुए हम ऐसे आत्मरक्षा के प्रशिक्षण अन्य विद्यालयों और संस्थानों में समय- समय पर देते रहते हैं। इस बीच निदेशक शशि सिंह, प्रधानाचार्य सुनील सहित समस्त शिक्षकगण और छात्र उपस्थित थे।

## बांग्लादेश पर चलता है टीम इंडिया का राज, आंकड़े देख खुश हो जाएंगे इंडियन फैंस



**एजेंसी,नईदिल्ली।** भारत को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी है. बांग्लादेश की टीम हाल ही में पाकिस्तान को उसके घर पर क्लीन स्वीप करके आ रही है. ऐसे में उनका कॉन्फिडेंस काफी हाई होगा और वह उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी. लेकिन,हम भारत-बांग्लादेश के बीच ऐसे रिकॉर्ड के बारे में बताने वाले हैं, जिसे देखकर भारतीय फैंस खुशी से झूम उठेंगे.

भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक 8 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 7 बार जीत दर्ज की है और एक सीरीज ड्रॉ पर खत्म हुई थी. लेकिन, आज तक टीम इंडिया को टेस्ट में बांग्लादेश से हार नहीं मिली है. 2015 में जब भारत ने बांग्लादेश का दौरा किया था और एकमात्र टेस्ट खेला था, तब वो मैच ड्रॉ रहा था.

इसके बाद पिछले 9 सालों में इंडिया हर बार बांग्लादेश को धूल चटा रही है और इस बार भी इंडियन टीम के जीतने के चांसेस अधिक दिख रहे हैं. हेड टू हेड की बात करें, तो दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 13 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 11 मैच भारत ने जीते हैं और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं.

वैसे बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को भी पहली बार टेस्ट सीरीज में मात दी. पाक के लिए ये हार काफी शर्मनाक रही, क्योंकि उन्हें घरेलू दर्शकों के सामने दोनों ही टेस्ट मैचों में निराशा हाथ लगी. आपको बता दें, भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 19 सितंबर से होगी. पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा.

भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अब तक टीम का ऐलान नहीं हुआ है. ऐसे में बीसीसीआई जल्द ही स्क्वाड की घोषणा कर सकती है. फिलहाल भारत के ज्यादातर खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी खेल रहे हैं और खुद को अपकमिंग सीरीज के लिए तैयार कर रहे हैं. ऐसे में एक तरह से दलीप ट्रॉफी भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रदर्शन करके टेस्ट टीम में जगह पक्की करने का बेहतरीन मौका है.

# पैरालम्पिक 2024 में मप्र के कपिल परमार ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**एजेंसी,नईदिल्ली**

फ्रांस के पेरिस शहर में 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक आयोजित पैरालम्पिक-2024 में गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य जूडो अकादमी के बोर्डिंग स्कीम खिलाड़ी कपिल परमार ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गुरुवार देर शाम 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा में ब्राजील के एलिल्टोन डि ओलिवेरा को एकतरफा 10-0 से हराकर भारत की झोली में 25वां पदक डाला। कपिल ने पहली बार पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया और पैरालंपिक इतिहास में भारत का जूडो में पहला पदक दिलाया है।प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कपिल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। कपिल मुख्यत: सीहोर के निवासी हैं। वर्ष 2009-10 में करंट लगने से उनकी आँखों की रोशनी चली गई थी। कपिल 80 प्रतिशत ब्लाइंड हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में जूडो खेलना प्रारंभ किया। कपिल अब तक 17 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 13 अंतरराष्ट्रीय पदक अर्जित किये हैं। पैरालम्पिक गेम के ब्लाइंड जूडो पुरुष व्यक्तिगत 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा में क्वालीफाई मैच न होकर सीधा क्वार्टर फायनल मुकाबला खेला गया। यह क्वार्टर फायनल मुकाबला गुरुवारको भारत के कपिल परमार और वेनेजुएला के ब्लेंको एम.डी. के मध्य खेला गया।



इस मुकाबले में कपिल परमार ने वेनेजुएला के ब्लेंको एमडी को 10-0 से करारी शिकस्त देकर सेमी-फायनल मुकाबले में प्रवेश किया। इसके बाद गुरुवार को ब्लाइंड जूडो पुरुष व्यक्तिगत 60 किलोग्राम जे-1 स्पर्धा के सेमी-फायनल मुकाबले में अकादमी के कपिल परमार और ईरान के खिलाड़ी सैयद बानीताबा खुर्रम के मध्य खेला गया। इसमें ईरान के खिलाड़ी बानीताबा ने कपिल को 1-0 के अंतर से परास्त किया। इसके बाद कपिल का मुकाबला ब्राजील के खिलाड़ी एलिल्टन डी ओलीवेरिया के मध्य काँस्य पदक के लिये खेला गया, जिसमें 10-0 से कपिल ने मुकाबला जीतकर काँस्य पदक हासिल किया।

## आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार फाइनल में

**एजेंसी न्यूयॉर्क ।** दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी एम्मा नवारो को 6-3, 7-6(2) से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो को मात देने के लिए अपनी बेहतरीन शक्ति का इस्तेमाल किया, 34 से ज़्यादा विनर्स भेजे, और मैच पॉइंट पर संतोषजनक ओवरहेड स्मैश के साथ इसे समाप्त किया। नवारो ने चौथे राउंड में गत विजेता कोको गॉफ को हराया था, लेकिन प्रमुख अनुभवी सबालेंका के सामने हार गईं। सबालेंका ने जीत के बाद प्रशंसकों को चिढ़ाते हुए कहा, अब आप मेरे लिए जयकार कर रहे हैं - वाह - यह थोड़ा देर हो चुकी है। भले ही आप लोग नवारो का समर्थन कर रहे थे, लेकिन मेरे रोंगटे खड़े हो गए। वह बहुत अच्छी खिलाड़ी हैं, वास्तव में कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं।

## नीरज चोपड़ा ने ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल के लिए किया क्वालीफाई




**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शीर्ष छह में जगह बनाकर डायमंड लीग के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। यह प्रतिष्ठित दो दिवसीय प्रतियोगिता 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगी। स्वत: योग्यता प्राप्त करने वाले छह भाला फेंक खिलाड़ियों में पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स, जूलियन वेबर, जैकब वडलेज, नीरज चोपड़ा, एंड्रियन मार्डारे और रोडरिक जेनकी डीन शामिल हैं। नीरज चोपड़ा, सात अंकों के साथ और लुसाने लेग में दूसरे स्थान पर रहे, अब डायमंड लीग स्टैंडिंग में वेबर के साथ तीसरे स्थान पर हैं, दोनों के 15 अंक हैं। पीटर्स 21 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि चेक गणराज्य के जैकब वडलेज, जो 82.03 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रहे, 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नीरज ने लुसाने में अपने अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर का थ्रो दर्ज किया, जो उनके पेरिस ओलंपिक के सर्वश्रेष्ठ 89.45 मीटर से थोड़ा ही आगे था। उनके इस प्रयास ने उन्हें ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रखा, जिन्होंने 90.61 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के बाद, नीरज चोपड़ा ने लगातार एडिक्टर मांसपेशियों की समस्या को ठीक करने के लिए सर्जरी करवाने का संकेत दिया। हालाँकि वे पेरिस खेलों के बाद भारत नहीं लौटे, सीधे स्विटज़रलैंड चले गए, चोपड़ा से पूछा गया कि वे इस सीज़न में कितने समय तक प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व चैंपियन ने कहा, शायद दो या एक प्रतियोगिता और फिर सीज़न खत्म। मुझे यकीन नहीं है, शायद ब्रुसेल्स (डायमंड लीग फिनाले) हो। उन्होंने उल्लेख किया कि आगामी वर्ष के लिए उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता पूरी तरह से फिट होना है। उन्होंने कहा, पहला लक्ष्य, डॉक्टर के पास जाना और अपनी कमर को 100 प्रतिशत फिट करना और साथ ही मैं तकनीकी रूप से बेहतर हो जाऊंगा और फिर से दूर फेंकने की कोशिश करूंगा।

# मनोलो के मुख्य कोच बनने से भारत फीफा रैंकिंग में आगे बढ़ना शुरू कर देगा: ओवेन कोयल


**एजेंसी, कोच्चि**

कई लोग तब हैरान रह गए जब केरला ब्लास्टर्स ने मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक से अलग होने का फैसला किया, जो अपनी टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जितने ही लोकप्रिय थे और जिनके नेतृत्व में क्लब ने लगातार तीन वर्षों तक इंडियन सुपर लीग प्लेऑफ में जगह बनाई थी। नए कोच माइकल स्टाहरे पर बेहतर परिणाम देने का बहुत दबाव होगा। लेकिन स्वीडिश खिलाड़ी ने यह स्पष्ट कर दिया कि काम करने का उनका अपना तरीका है। स्टाहरे ने गुरुवार को कोच्चि में आईएसएल मीडिया डे के दौरान कहा, सबसे पहले, मैं पिछले कोच का पूरा सम्मान करता हूं लेकिन पुराना रिश्ता पूर्व पति या पूर्व पत्नी के साथ होने जैसा होता है। जाहिर है, वह एक अच्छे कोच और अच्छे इंसान हैं लेकिन मेरा काम अपने तरीके से प्रशिक्षण देना है। मैं टेबल पर ऊर्जा लाने की कोशिश करता हूं। जब खिलाड़ी प्रशिक्षण के लिए आएंगे तो मुझे ऊर्जा से भरा माहौल भी बनाना होगा।




उन्होंने कहा कि वह खचाखच भरे स्टेडियम को देखने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, थाईलैंड में (क्लब के प्री-सीजन के दौरान), हमारे खेल को देखने के लिए 10 लोग और कुछ कुत्ते मौजूद थे और डूरंड कप में भी बहुत ज़्यादा लोग नहीं थे। इसलिए अब मैं एक बड़े प्रशंसक आधार वाले अच्छे स्टेडियम में खेलने के लिए उत्सुक हूँ। इस बीच, चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा कि आईएसएल क्लबों का कर्तव्य है कि वे भारतीय फुटबॉल को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा, भारतीय फुटबॉल को बेहतर बनाने की दिशा में हम सभी का कर्तव्य है। हम सभी चाहते हैं कि इंडियन सुपर लीग की खूब चर्चा हो। अब जबकि मेरे अच्छे दोस्त मनोलो मार्केज़ भारतीय टीम के साथ हैं (देश के मुख्य कोच के रूप में), उम्मीद है कि राष्ट्रीय टीम फीफा रैंकिंग में भी आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत दूर की बात है कि हम आठ से 10 साल में फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए काम कर सकते हैं। भारत में इसकी असली संभावना है। इस बीच, आईएसएल कप चैंपियन मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच पेट्र क्रेटकी का मानना है कि इस सीजन में लीग पिछले सीजन की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी होगी। क्रेटकी ने कहा, मुझे लगता है कि गोवा, केरल, मोहन बागान, बेंगलुरु और चेन्नई सहित आठ टीमें खिताब की दौड़ में हैं। ये सभी टीमें इस सीजन में अच्छी दिख रही हैं, उनके पास अच्छे कोच और अच्छे खिलाड़ी हैं, इसलिए हमें इसका सम्मान करना चाहिए, लेकिन हम अपनी खूबियों को जानते हैं, इसलिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले सीजन में लीग की शीर्ष तीन टीमें बहुत करीब थीं, जिसमें पहले और तीसरे स्थान के बीच सिर्फ़ तीन अंकों का अंतर था। बुधवार को कोलकाता

## टीम से बढ़कर, एक परिवार है पुरानी दिल्ली 6: ईशांत शर्मा




**एजेंसी,नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 टीम के शानदार प्रदर्शन को लेकर अपनी खुशी व्यक्त की है। फिलहाल सेंट्रल दिल्ली लायंस को हराकर दिल्ली 6 सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। हालांकि ईशांत ने टूर्नामेंट में बॉलिंग तो नहीं की है, लेकिन टीम को एक परिवार की तरह संजोए हुए हैं और लगातार उनका मार्गदर्शन करते चले आ रहे हैं। ईशांत ने कहा, दुर्भाग्यवश मैं प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन जिस तरह से टीम प्रदर्शन कर रही है वह अदभुत है। लड़के जिस तरह खेल रहे हैं और एक दूसरे का साथ निभा रहे हैं, मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा ये टीम नहीं एक परिवार है। साथ ही टीम के मालिक आकाश नांगिया जिस तरह से टीम के हर सदस्य के लिए खड़े रहते हैं और मदद करते हैं वह वास्तव में सराहनीय है। पुरानी दिल्ली 6 ने लगातार दो गेम जीतकर दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार वापसी की है। लीग के दौरान ऐसा पहली बार था, जब उन्होंने लगातार दो गेम जीते हों। सेमीफाइनल के लिए टीम का मनोबल बढ़ाते हुए ईशांत ने कहा, ऐसे ही फोकस बनाए रखें और उसी जुनून और एकता के साथ खेलना जारी रखें जो उन्हें यहां तक लाया है। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने इस परिवार को बस यही सलाह दूंगा कि छोटी से छोटी बारीकी पर विशेष ध्यान दो, दिल से खेलो और भूल जाओ की तुम्हारे सामने कौन सा बल्लेबाज या गेंदबाज खड़ा है अगर ऐसा कर पाए तो तुम्हे विजेता बनने से कोई नहीं रोक सकता। पुरानी दिल्ली 6 टीम: ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

## सिमरन 100 मीटर फाइनल में अंतिम स्थान पर रहीं, पावरलिफ्टर अशोक ने भी किया निराश



**एजेंसी, पेरिस**

भारतीय पैरा एथलीट सिमरन शर्मा और अशोक पोडियम पर अपनी जगह पक्की करने में विफल रहे और पेरिस पैरालिंपिक में उनका अभियान निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ। सिमरन ने बिना किसी परेशानी के महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन वह 12.31 सेकंड के समय के साथ चार फाइनलिस्टों में से अंतिम स्थान पर रहीं। क्यूबा की ओमारा डूरंड एलियास, जो विश्व रिकॉर्ड धारक हैं, ने 11.81 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन की ओक्साना बोटुर्चुक 12.17 सेकंड के समय के साथ एलियास से पीछे रहीं। जर्मनी की कैटरीन म्यूलर-रोटगार्ड ने 12.26 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। इस बीच, पावरलिफ्टर अशोक, जो पुरुषों के 65 किग्रा फाइनल में भी पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने अपना अभियान छठे स्थान पर समाप्त किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 196 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। उन्होंने अपनी गति को बनाए रखते हुए 199 किग्रा वजन उठाया और पदक की उम्मीद जगाई। लेकिन तीसरे प्रयास में, उन्होंने तीसरे और अंतिम राउंड में 206 किग्रा उठाने की कोशिश की, लेकिन यह उनके लिए बहुत ज़्यादा साबित हुआ और उन्होंने एक अमान्य प्रयास दर्ज किया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास दूसरे राउंड में 199 किग्रा रहा। चीन के यी जू ने 215 किग्रा का सफल भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। ग्रेट ब्रिटेन के मार्क स्वान ने 213 किग्रा का सफल भार उठाकर रजत पदक जीता। एलेगिरा के होसीन बेटिर ने 209 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता। सिमरन और अशोक की कमी से पहले, भारत ने मिश्रित टीम रिकर्व ओपन में स्लोवेनिया के ज़ीवा लावरिंक और देजान फ़ैबिक के खिलाफ़ कांस्य पदक के मुक़ाबले में पैरा-तीरंदाज़ी जोड़ी हरविंदर सिंह और पूजा के हारने के बाद एक और पदक की उम्मीद खो दी। पैरालिंपिक में भारत के रिकॉर्ड-तोड़ पदक तालिका में एक और पदक जोड़ने में दोनों की असमर्थता के बावजूद, यह भारतीय पैरा-तीरंदाजों का एक ऐतिहासिक प्रदर्शन था।

## रोनाल्डो के 900वें गोल से पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया

**एजेंसी,लिस्बन**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 900वें गोल की मदद से पुर्तगाल ने गुरुवार को नेशंस लीग के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 2-1 से जीत हासिल की। डिओगो डालोट ने सातवें मिनट में बेहतरीन गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिला दी। इसके बाद पुर्तगाल के पांच यूरो 2024 खेलों में गोल करने में विफल रहे रोनाल्डो ने नूनो मेंडेस के एक बेहतरीन क्रॉस पर गोल करके 34वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। यह उनके करियार का 900वां गोल था। क्रोएशिया को ब्रेक से चार मिनट पहले गिफ्ट के रूप में एक गोल मिला, जब डालोट ने सोसा के स्लाइडिंग प्रयास को अपने ही नेट में डिफ्लेक्ट कर दिया, लेकिन स्कोर रहित दूसरे हाफ ने पुर्तगाल को अपने अभियान की विजयी शुरुआत दी। गुरुवार को लीग ए ग्रुप 1 के दूसरे गेम में पोलैंड ने स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया। रविवार को पुर्तगाली टीम स्कॉटलैंड की मेज़बानी करेगी, जबकि क्रोएशिया का सामना पोलैंड से होगा।



# एलेक्स मॉर्गन ने पेशेवर फुटबॉल से लिया संन्यास, गर्भवती होने की घोषणा की

**एजेंसी,न्यूयॉर्क**

दो बार की महिला विश्व कप चैंपियन एलेक्स मॉर्गन ने घोषणा की है कि वह अपने दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती हैं और पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले रही हैं। यूनाइटेड स्टेट्स के साथ 15 साल के करियर के दौरान, मॉर्गन ने न केवल मैदान पर प्रभाव डाला, बल्कि उन्होंने समान वेतन के लिए टीम की लड़ाई का नेतृत्व करने में भी मदद की और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर रहीं। 35 वर्षीय मॉर्गन रविवार को स्नैपड्रैगन स्टेडियम में अपनी क्लब टीम, नेशनल विमेंस सॉकर लीग के सैन डिएगो वेव के साथ अपना अंतिम मैच खेलेंगी। 2015 और 2019 में विश्व कप खिताब के अलावा, मॉर्गन ने 2012 लंदन ओलंपिक में युनाइटेड स्टेट्स के साथ स्वर्ण पदक भी जीता। वह पहली बार 2009 में राष्ट्रीय टीम में शामिल हुईं। यूएस टीम के साथ अपने करियर के दौरान, उन्होंने 224 मैच खेले, जो अब तक का नौवां सबसे बड़ा मैच था, जिसमें 123 गोल (अब तक का पांचवां) और 53 असिस्ट (अब तक का नौवां) शामिल थे। मॉर्गन ने एक बयान में कहा, मैं इस टीम में पली-बढ़ी हूं, यह फुटबॉल से कहीं बढ़कर है।



यह दोस्ती और एक-दूसरे के बीच अटूट सम्मान और समर्थन, महिलाओं के खेल में वैश्विक निवेश के लिए अथक प्रयास और मैदान पर और बाहर दोनों जगह सफलता के महत्वपूर्ण क्षण थे। मैं 15 साल से अधिक समय तक इस पद को पाने के लिए अविश्वसनीय रूप से सम्मानित हूं। मैंने उस समय में अपने बारे में बहुत कुछ सीखा और इसका श्रेय मेरे साथियों और हमारे प्रशंसकों को जाता है। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि यह टीम किस दिशा में आगे बढ़ रही है और मैं हमेशा यूएस महिला टीम की प्रशंसक रहूंगी। मॉर्गन को दो बार यूएस सॉकर प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। यूनाइटेड स्टेट्स के साथ उनका आखिरी मैच 4 जून, 2024 को दक्षिण कोरिया के खिलाफ था। वह पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में नहीं थीं। मॉर्गन उन खिलाड़ियों में से थीं जिन्होंने 2019 में पुरुषों की राष्ट्रीय टीम की तुलना में असमान वेतन और व्यवहार का हवाला देते हुए लैंगिक भेदभाव के लिए यूएस सॉकर पर मुकदमा दायर किया था। 2022 में, दोनों पक्ष सामूहिक सौदेबाजी समझौतों पर सहमत हुए, जिसके तहत दोनों टीमों को समान रूप से भुगतान किया जाएगा। मॉर्गन की एक बेटी है, चार्ली, जिसका जन्म 2020 में हुआ था।

## शॉटपुट एफ35 फाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बावजूद खाली हाथ रहे अरविंद

**एजेंसी,पेरिस**

भारत के अरविंद ने पेरिस पैरालिंपिक में अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की स्ट्रीक बनाने के बाद भी, पुरुषों की शॉट पुट एफ 35 फ़ाइनल में को खाली हाथ रहे। उज्बेकिस्तान के खुसनीद्दीन नोरबेकोव ने दांव बढ़ाया और 16.82 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने के लिए पैरालिंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने बीजिंग 2008 में 16.22 मीटर थ्रो के साथ चीन के वेई गौ के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। नोरबेकोव ने अपने नाम के साथ 17.32 मीटर थ्रो के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। अर्जेंटीना के हर्नान उर्रा ने 16.11 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक जीता। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ईरान के सईद अलियासगर जावनमर्दी ने 15.84 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। अरविंद ने स्वर्ण पदक के लिए अपनी दौड़ की शुरुआत 11.79 मीटर की दूरी से की, उन्होंने अपने पहले थ्रो में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सीजन के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ, अरविंद पहले राउंड के बाद आठ फाइनलिस्टों में छठे स्थान पर थे। अपने दूसरे प्रयास में, अरविंद ने दिखाया कि उनमें कुछ और कौशल बाकी हैं। उन्होंने 12 मीटर का आंकड़ा पार किया और 12.34 मीटर के थ्रो के साथ एक नया सीजन सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड किया। अपने सीजन-सर्वश्रेष्ठ प्रयास में सुधार करने के बावजूद, वे छठे स्थान पर रहे। तीसरे राउंड के थ्रो में उन्होंने एक बार फिर गहराई से खोज की और 13.01 मीटर को अपने नए सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के रूप में निर्धारित किया। लगातार तीसरे थ्रो के लिए, अरविंद का सीजन-सर्वश्रेष्ठ लगातार बढ़ता रहा, लेकिन समूह में उनकी स्थिति में शायद ही कोई बदलाव दिखा। चौथे राउंड में, अरविंद का प्रदर्शन खराब होने लगा और उन्होंने 12.85 मीटर का प्रयास किया, जिससे उनके सीजन का सर्वश्रेष्ठ सेट करने का सिलसिला खत्म हो गया। पोडियम फिनिश हासिल करने की संभावना खत्म होने के साथ, अरविंद ने एक बार फिर गौरव हासिल करने की कोशिश की, लेकिन 12.71 मीटर की दूरी हासिल करने में सफल रहे।



# देश में डीमैट खातों की संख्या हुई 17 करोड़ के पार, अगस्त महीने में खुले 40 लाख से ज्यादा अकाउंट




**एजेंसी, नई दिल्ली।** शेयर बाजार की तरफ लोगों का रुझान बढ़ने के कारण देश में डीमैट खातों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगस्त में देश में 40 लाख से ज्यादा नए डीमैट अकाउंट खुले हैं, जिसके कारण कुल डीमैट खातों की संख्या 17 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड में 31 अगस्त तक कुल डीमैट खातों की संख्या 17.1 करोड़ थी। 2024 की शुरुआत से अब तक हर महीने करीब 40 लाख नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं। चालू वर्ष के शुरुआती आठ महीनों में करीब 3.2 करोड़ डीमैट अकाउंट खुल चुके हैं।

बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट खुलने की वजह इस कैलेंडर वर्ष में नए आईपीओ का आना भी है। करीब 50 से अधिक कंपनियां 2024 की शुरुआत से 31 अगस्त तक आईपीओ के जरिए 53,419 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। सेबी की ओर से की गई स्टडी में कहा गया था कि बड़ी संख्या में निवेशक केवल आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए डीमैट खाते खोल रहे हैं।स्टडी में बताया गया था कि अप्रैल 2021 से लेकर दिसंबर 2023 तक आईपीओ के आवेदन के लिए उपयोग किए गए डीमैट में से करीब आधे महामारी के बाद खोले गए हैं।

2024 में शेयर बाजार ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक निफ्टी करीब 15 प्रतिशत और बीते एक साल में 27 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। वहीं, सेंसेक्स इस साल की शुरुआत से अब तक 13 प्रतिशत का रिटर्न दिया है और बीते एक साल में यह 24 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दे चुका है। शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 683.987 अरब डॉलर के नए ऑल टाइम हाई पर, गोल्ड रिजर्व में भी तगड़ा उछाल



**नई दिल्ली,एजेसी**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़ी एक और अच्छी खबर दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि 30 अगस्त को खत्म हुए सप्ताह के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.299 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बताते चलें कि इससे पहले कभी भी देश का विदेशी मुद्रा भंडार इस लेवल पर नहीं पहुंचा था। पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में हुआ था 7.023 अरब डॉलर का इजाफा इससे पिछले हफ्ते यानी 23 अगस्त को खत्म हुए हफ्ते के दौरान देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 7.023 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जिसके बाद ये बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा आस्तियों में भी अच्छी बढ़ोतरी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 30 अगस्त को खत्म हुए सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। गोल्ड रिजर्व और ढ्ढरूस्न के पास जमा आरक्षित भंडार में भी आया उछाल30 अगस्त को खत्म हुए सप्ताह के दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की वैल्यू में भी 86.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसके बाद ये बढ़कर 61.859 अरब डॉलर हो गई। विशेष आहरण अधिकार (स्ष्ठक्र) 90 लाख डॉलर बढ़कर 18.468 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष यानी ढ्ढरूस्न के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.622 अरब डॉलर हो गया।

# शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के 2 घंटे में डूबे 4 लाख करोड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत को गिरावट के साथ हुई। बाजार के मुख्य सूचकांकों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स 850 प्वाइंट नीचे आ गया है तो वहीं निफ्टी 242 प्वाइंट लुढ़क कर नीचे चला गया है। बाजार खुलने के 2 घंटे के अंदर ही निवेशकों के 2 लाख करोड़ रुपए डूब गए। इस बीच एशिया-प्रशांत क्षेत्र के बाजारों में गिरावट आई। क्योंकि निवेशकों ने जापान से घरेलू खर्च के आंकड़ों को पचा लिया। जुलाई के लिए जापान के घरेलू खर्च के आंकड़ों में




पिछले वर्ष की तुलना में वास्तविक रूप से 0.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके कारण देश के बेंचमार्क निक्केई 225 ने दिन की शुरुआत मामूली रूप से फ्लैटलाइन से नीचे की, जबकि व्यापक-आधारित टॉपिक्स ने 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ शुरुआत की। ग्लोबल मार्केट में आई गिरावट के पीछे ये रिपोर्ट है। गुरुवार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका के प्राइवेट सेक्टर ने अगस्त में साढ़े तीन साल में सबसे कम कर्मचारियों को काम पर रखा, जबकि जुलाई के आंकड़ों को संशोधित कर कम किया गया, जो संभावित रूप से श्रम बाजार में तेज मंदी का संकेत देता है। आंकड़ों ने अगस्त में स्थिर अमेरिकी सर्विस की गतिविधि भी दिखाई, जिसमें इंस्टीट्यूट फॉर सप्लाई मैनेजमेंट का नॉन मैन्युफैक्चरिंग क्रेडिट मैनेजमेंट सिस्टम पिछले महीने 51.5 पर था।

# यूपीआई के कई और देशों तक बढ़ने की संभावना : शक्तिकांत दास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने जीडीपी वृद्धि दर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर दास ने कहा, ‘‘इस साल की पहली तिमाही के लिए, रिजर्व बैंक का अनुमान 7.1त्न की वृद्धि दर का था। लेकिन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वास्तविक संख्या 6.7त्न है। यह 7.1त्न से कम है।

उन्होंने कहा, हालांकि मुझे लगता है कि सभी क्षेत्रों में, पहली तिमाही में विकास दर 7त्न से अधिक है। दो पहलुओं ने इसे थोड़ा नीचे खींच दिया है, इसमें एक सरकारी व्यय है, जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों का व्यय है। चुनावी आचार संहिता जारी होने के कारण इसमें थोड़ी कमी दिखी। दूसरी चीज जो थोड़ी कम रही वह थी कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर, जो लगभग 2त्न या उससे कम की दर से बढ़ी...।



दूसरी ओर यूपीआई पर बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा उन्हें उम्मीद है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) कई और देशों तक बढ़ेगा। ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर आए दास ने कहा कि यूपीआई पहले ही क्यूआर कोड और फास्ट पेमेंट सिस्टम के जरिये कई देशों में मौजूद है और कई अन्य देशों के साथ इस पर चर्चा चल रही है। उन्होंने शुक्रवार शाम को यहां संवाददाताओं से कहा, ‘‘हमें उम्मीद है कि यह वैश्विक स्तर पर और बढ़ेगा और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचेगा।’’

दास ने बुधवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा था कि इस दिशा में पहले से ही भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, यूएई, मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से दुनिया भर में भारत की पहलों को अपनाने के लिए सकारात्मक रुख का पता चलता है।

# शाओमी इंडिया ने कैटरीना कैफको अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया: स्मार्ट भविष्य के लिए फिर से नया गठबंधन

**एजेंसी, दिल्ली।** अपने इनोवेशन के लिए मशहूर, ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज कैटरीना कैफ को अपना ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में कैटरीना कैफ शाओमी के स्मार्टफोन, टीवी, और टेबलेट्स का प्रमोशन करेंगी। शाओमी को भारत में दस साल पूरे हो रहे हैं और इस समय किया गया यह गठबंधन हर किसी तक इनोवेशन पहुँचाने की शाओमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस गठबंधन में कैटरीना की वैश्विक अपील और आकर्षक सुंदरता सिमटी हुई है।

कैटरीना कैफ एक सफल बॉलिवुड अभिनेत्री हैं। भारतीय फिल्म उद्योग और विश्व में उनकी एक अलग पहचान है। वो इनोवेशन, स्टाईल और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो शाओमी के मुख्य गुण हैं। उनकी लोकप्रियता और प्रभाव ब्रांड के बढ़ते ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। कैटरीना को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाकर शाओमी ग्राहकों से अपना जुड़ाव मजबूत करना और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पसंद करने वाले महत्वाकांक्षी भारतीयों के बीच अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है।

अनुज शर्मा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा, ‘‘भारत में इनोवेशन पेश करते हुए दस साल पूरे होने के साथ शाओमी परिवार में एक बार फिर कैटरीना कैफ का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। उनकी शिष्टता, व्यापक अपील, और हमारे दर्शकों




से गहरे जुड़ाव के कारण वो हमारे अगले चैप्टर के लिए उपयुक्त एम्बेसडर हैं। शाओमी और कैटरीना, दोनों में लोगों से गहरा जुड़ाव विकसित करने की अद्वितीय क्षमता है। अपने इस गठबंधन के साथ हम मिलकर इनोवेटिव टेक्नोलॉजी हर व्यक्ति तक पहुँचाएंगे। शाओमी का नया चेहरा बनने पर उत्साहित कैटरीना कैफ ने कहा, ‘‘मैं शाओमी परिवार में फिर से शामिल होकर बहुत उत्साहित हूँ। यह बहुत ही रोमांचक समय है, जब यह ब्रांड लोगों के जीवन में इनोवेशन लाने के दस साल पूरे कर रहा है। शाओमी भारत में बहुत मशहूर है और उनकी इनोवेशन की प्रतिबद्धता की मैं बहुत सराहना करती हूँ। मुझे लगातार विकास कर रहे इस ब्रांड का हिस्सा बनने और इसकी प्रतिष्ठित विरासत में अपना योगदान देने की खुशी है। मैं शाओमी का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूँ, इस ब्रांड को पूरे देश के लोग पसंद करते हैं। मैं शाओमी की इनोवेटिव दुनिया में अपने फैंस से मिलने के लिए उत्सुक हूँ। प्रतीक दास, एसोसिएट डायरेक्टर, मार्केटिंग पार्टनरशिप्स एंड अलायंसेज़, शाओमी इंडिया ने कहा, ‘‘हमें शाओमी इंडिया और कैटरीना कैफ के बीच गठबंधन की घोषणा करने की खुशी है। इस पार्टनरशिप के साथ दो प्रतिष्ठित ब्रांड एक साथ आए हैं, जो भारतीय ग्राहकों के साथ गहरा जुड़ाव रखते हैं। हमारा मानना है कि कैटरीना कैफ का आकर्षण और शाओमी की इनोवेटिव टेक्नोलॉजी एक शक्तिशाली तालमेल बनाएगी, जो हर उम्र के ग्राहकों को प्रेरित करेगा। शाओमी इंडिया देश के सभी परिवारों में एक सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद टेक्नोलॉजी ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुका है। दूसरी तरफ कैटरीना कैफ सुंदरता का प्रतीक हैं।

# भारत से 13 बिलियन डॉलर से अधिक का ई-कॉमर्स निर्यात करेगा अमेजन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने कहा कि वह साल के अंत तक वह भारत से 13 बिलियन डॉलर से अधिक निर्यात करने की राह पर अग्रसर है। कंपनी ने कहा कि 2015 में शुरू ‘अमेज़ॅन ग्लोबल सेलिंग’ कार्यक्रम के तहत 1.5 लाख निर्यातकों ने दुनिया भर के ग्राहकों को 40 करोड़ से अधिक ‘मेड इन इंडिया’ उत्पाद बेचे हैं।

पिछले साल इस कार्यक्रम के अंतर्गत 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देना हमारे देश की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है और ई-




कॉमर्स इस संबंध में एक शक्तिशाली उत्प्रेरक साबित हो रहा है। मंत्री ने कहा, ‘अमेजन ग्लोबल सेलिंग’ जैसे कार्यक्रमों द्वारा ई-कॉमर्स निर्यात दूनिया भर में हो रहा है। कंपनी ने कहा कि कार्यक्रम में 200 से अधिक शहरों के विक्रेता शामिल हैं। यह विक्रेताओं को कई देशों में 18 से अधिक अमेजन वैश्विक बाजारों पर करोड़ों ग्राहकों को बिक्री करके वैश्विक ब्रांड बनाने में सक्षम बना रहा है।

# इंडियनऑयल और आरबीएल बैंक ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया




**एजेंसी, मुंबई।** भारत की ऊर्जा प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (त्रस्नस्न) में आरबीएल बैंक के साथ साझेदारी में एक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य कार्डधारकों को आकर्षक इनाम और लाभ प्रदान करना है, जिससे वे सालाना 250 लीटर तक मुफ्त पेट्रोल कमा सकते हैं। ग्राहक अपने वित्त और ईंधन खरीदारी को एक ही प्लेटफार्म के माध्यम से प्रबंधित कर सकते हैं, साथ ही हर लेनदेन पर मूल्यवान रिवॉर्ड पॉइंट्स भी कमा सकते हैं।

इस को-ब्रांड कार्ड की विशेषताओं को उजागर करते हुए, इंडियनऑयल के कार्यकारी निदेशक (रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन) श्री एन डी माथुर ने कहा, ‘‘इंडियनऑयल में, हम हमेशा अपने खुदरा आउटलेट्स पर अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए एक सहज ईंधन अनुभव और उन्नत मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने का प्रयास करते हैं। यह रणनीतिक साझेदारी उस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और हमें विश्वास है कि आरबीएल बैंक के साथ यह सहयोग हमारे ग्राहकों के लिए हमारी उन्नत पेशकशों में एक परिपूर्ण जोड़ है।

सहयोग के बारे में बात करते हुए, आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड्स प्रमुख, बिक्रम यादव ने कहा, पिछले 10 वर्षों में, भारत की बढ़ती वृद्धि ने आम नागरिकों की जीवनशैली को उन्नत किया है। औसत आय में वृद्धि और सभी वर्गों में वाहनों की बढ़ती उपलब्धता के साथ, ईंधन खर्च भारतीय उपभोक्ताओं के मासिक खर्चों में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गया है। हमारे मौजूदा 5 मिलियन से अधिक क्रेडिट कार्ड्स के पोर्टफोलियो में ईंधन सबसे तेजी से बढ़ने वाली श्रेणियों में से एक है।

# भारत इस दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार : गौतम अदाणी

**एजेंसी, मुंबई।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि यह अब अच्छी तरह तय हो चुका है कि इस दशक के अंत तक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के जय हिंद कॉलेज में अपने संबोधन में गौतम अदाणी ने कहा कि भारत केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई कई महत्वपूर्ण पहलों को और मजबूती प्रदान करने तथा उन आर्थिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को जारी रखने की स्थिति में है, जो पिछले एक दशक में हमारी शानदार यात्रा की शक्ति रहे हैं। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, एक राष्ट्र के रूप में ‘‘हम आज से पहले कभी इसके इतने करीब नहीं थे। हम एक अविश्वसनीय कालखंड की कगार पर खड़े हैं, जहां भारत का ऐसे सबसे बड़े विकास प्लेटफार्मों में से एक बनना तय है, जिसे दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

वैश्विक आर्थिक स्थितियों के बावजूद, भारत एक चमकता सितारा बना हुआ है। देश दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का विकास अनुमान अप्रैल में अनुमानित 6.8




प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के विकास के पूर्वानुमान को पिछले 6.6 प्रतिशत से संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। डिजिटल परिवर्तन द्वारा संचालित जबरदस्त गति देश के विकास को निश्चितता प्रदान कर रही है और रोमांचक बना रही है।

गौतम अदाणी ने कहा, पिछले एक दशक में हमने एक ऐसा मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है, जिसे देखकर दुनिया के दूसरे देश भी उसकी लालसा कर रहे हैं। यूपीआई को ही लें, यह डिजिटल फाइनेंस में एक क्रांति है, जिसने लाखों लोगों के लिए सहज लेनदेन को उनकी जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है। साथ ही, मोबाइल प्रौद्योगिकी में हमारे नेतृत्व ने देश के हर कोने को पहले से अधिक सशक्त बनाया है, जिससे डिजिटल समावेशन एक वास्तविकता बन गया है।

उन्होंने कहा कि अदाणी समूह ने हवाई अड्डों से लेकर बंदरगाहों तक, लॉजिस्टिक्स से लेकर औद्योगिक पार्कों और ऊर्जा तक, देश के बुनियादी ढांचे को फिर से परिभाषित करने में मदद की है, लेकिन, ये जीत समूह को परिभाषित नहीं करते। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, चुनौतियों को स्वीकार करने और उन पर विजय पाने की मानसिकता ने अदाणी समूह की यात्रा को स्वरूप दिया है। मजबूती का मतलब गिरने से बचे रहना नहीं है। इसका मतलब गिरने के बाद हर बार और मजबूत होकर उठना है। यह असंभव को पार करने तथा दूसरी तरफ और मजबूत होने के बारे में है।

# निवेशकों को मुकेश अंबानी का बड़ा तोहफा, बोर्ड बैठक में बोनस शेयर को मिली मंजूरी

रिलायंस ने दिवाली से पहले निवेशकों को बड़ा तोहफा दिया है। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोर्ड मीटिंग में निवेशकों को बोनस शेयर के फैसले पर मंजूरी मिल गई है। इसमें 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर को अप्रूव किया गया है। बता दें कि हाल ही में कंपनी ने अपने शेयरधारकों को एक शेयर पर एक बोनस शेयर देने का प्रस्ताव किया है और कहा था कि इस पर अंतिम निर्णय आज निदेशक मंडल की बैठक में हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के बोर्ड ने 5 अगस्त को 1:1 बोनस इश्यू को मंजूरी दे दी है। ये सितंबर 2017 के बाद कंपनी की पहली बोनस पेशकश है। प्रत्येक शेयरधारक को अब प्रत्येक शेयर के लिए एक मुफ्त शेयर मिलेगा। हालांकि अभी रिलायंस ने बोनस क्रेडिट की डेट का ऐलान नहीं किया है।

# Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

## E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

## आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:

शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )

62629 04444

ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार,07 सितम्बर 2024

# इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण



**नारायणपुर,प्रतिदिन राजधानी**
शासन की नीतियों से प्रभावित होकर प्रतिबंधित माओवादी संगठन कुतुल एरिया कमेटी के एक नक्सल दंपति ने नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की नक्सल उन्मूलन नीति के तहत 25–25 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया है। सरकार ने उनपर कुल 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। मिली जानकारी के अनुसार, संगठन के सप्लाई टीम का कमांडर सोनवा उर्फ डोसेल सलाम और कोडलियार जनताना सरकार स्कूल विभाग सदस्या आरती सलाम ने आत्मसमर्पण किया है। सोनवा संगठन में पिछले 13 साल से और आरती पिछले 9 साल से काम कर रही थी। अब दंपत्ति पुर्नवास नीति के तहत नया जीवन शुरू कर रहे हैं।

## युवाओं को बरगलाकर संगठन में शामिल करते हैं नक्सली

नक्सलियों ने क्षेत्र के युवक–युवतियों को शासन–प्रशासन के खिलाफ भड़काकर, जल–जंगल–जमीन के नाम से भोले–भाले आदिवासियों को बहकाकर और संगठन में नहीं जुड़ने पर गांव से भगाने की धमकी देकर जबरन संगठन में शामिल कर अपनी खोखली विचारधारा के साथ इनका शोषण किया जाता रहा है। नारायणपुर पुलिस ने माओवादी की खोखली विचारधारा से ग्रामीणों को मुक्त कराने और क्षेत्र में विकास कराने के उद्देश्य से 'माड़ बचाव' अभियान के अन्तर्गत क्षेत्र में सघन नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है।

## पुलिस का एंटी नक्सल अभियान लगातार जारी

नारायणपुर पुलिस लगातार क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रही है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति/नियत नेल्लानार का भी क्षेत्र में वृहत रूप से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। माड़ क्षेत्र में नवीन कैम्प स्थापित होने से विकास कार्यें में तेजी आई है। साल 2024 से सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के गढ़ क्षेत्रों में आक्रामक रणनीति के तहत नक्सल विरोधी अभियान संचालित कर माओवादी संगठन को बड़ा नुकसान पहुंचाया है, जिससे माओवादियों में भय का माहौल बना हुआ है। एसपी प्रभात कुमार ने लोकल कैडरों से पुर्नवास की अपील की पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने नक्सल संगठन से जुड़े लोकल कैडरों से अपील किया है कि, वे भय मुक्त होकर आत्मसमर्पण कर शासन की पुर्नवास योजना का लाभ लें और समाज की मुख्यधारा में जुड़कर नए जीवन की शुरूवात करें।

# अवैध खनिज के विरुद्ध संयुक्त दबिश, 7 हाईवा और 4 जेसीबी जब्त



**बिलासपुर,प्रतिदिन राजधानी**
खनिल अमला बिलासपुर द्वारा 4 और 5 सितम्बर की दरमियानी रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लोधीपारा, कोनी,सेंदरी, कछार, लोफंदी, मंगला,धुरीपारा,लोखंडी, निरतू, घुटकू , लावर ,मस्तूरी, सिरगिट्टी– चकरभाठा क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया गया। मस्तूरी क्षेत्र में 4 हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्तकर खनिज जांच चौकी लावर (मस्तूरी) अभिरक्षा में रखा गया है।सिरगिट्टी– चकरभाठा–तेलसरा क्षेत्र में शासकीय भूमि से खनिज मिट्टी और मुरूम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर एवं चकरभाठा पुलिस थाना की मदद से 4 जेसीबी एवं 3 हाईवा को जप्त कर पुलिस थाना चकरभाठा में अभिरक्षा मे रखा गया है। रात्रि की कार्रवाई में ही 7 हाईवा एवं 4 जेसीबी सहित कुल 11 वाहनों के विरूद्ध खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।विगत एक सप्ताह में खनि अमला द्वारा खनिज रेत,भसुवा मिट्टी,मुरूम,ईंट–मिट्टी के अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 12 हाईवा 1ट्रेक्टर एव़ 4 जेसीबी सहित कुल 17 वाहनों के विरूध्द खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज जप्ती की कार्रवाई की गयी है। वैध अभिवहन पास एवं अनुमति के बिना खनिजों का उत्खनन व परिवहन किये जाने के कारण सभी 17 वाहन चालकों, मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया हैद्य खनि विभाग द्वारा कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## बाढ़ के नगर सेना की टीम ने गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया



**बीजापुर।** बाढ़ व आपदा के दौरान जिले में नगर सेना की पूरी टीम तत्परतापूर्वक जान माल की रक्षा के सक्रिय रहते है। किसी भी प्रकार के आपदा होने बचाव दल मौके पर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते है। स्वास्थ्य विभाग से सूचना पर गर्भवती महिला चिंता वडे ग्राम चोकन पाल पंचायत गंगालूर को प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव के लिए गंगालूर स्वास्थ केंद्र लाया जाना था पर कमकनार घाट में मिंगाचल नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण नगर सेना के रेस्क्यू टीम को रेड्डी भेजा गया था। जहां गर्भवती महिला को नदी पार कराया गया। जहां से महिला को स्वास्थ केंद्र गंगालूर ले जाया गया। रेस्क्यू टीम में कुम्हार कृष्ण राव, जिल्युस तिर्की, कृष्णदेव चालकी, संदीप भगत, मनीराम तेलम, रामचंद्र पवार, रैन्नु मिंज कन्हैया दुब्बा, अरुण दुब्बा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षित अस्पताल पहुंचकर गर्भवती महिला एवं उनके परिवार ने नगर सेना की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महिला का अश्लील वीडियो वायरल, युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** महिला का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, घटना को अंजाम देने के बाद युवक फरार हो गया था, जिसकी तलाश बिलासपुर पुलिस कर रही थी, तभी आरोपी के उड़ीसा में होने की सूचना मिली, बिलासपुर पुलिस ने आरोपी को उड़ीसा से धर दबोचा। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। दरअसल बिलासपुर की रहने वाली महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को युवक सनत छुरिया को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, आरोपी द्वारा सिरगिट्टी क्षेत्र की महिला का अश्लील वीडियो व्हाटसप के जरिए अपलोड किया गया, जिसकी जानकारी पीड़ित महिला को हुई। तब महिला ने छबि को धूमिल करने की शिकायत सिरगिट्टी थाने में दर्ज कराई थी, जिसके बाद मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी सनत की पता साजी करने में जुटी और आरोपी को बडगड़ उड़ीसा से गिरफ्तार किया गया है।

## सोयाबीन फसल कीट व रोग प्रबंधन का किसानों को दिया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा खैरागढ़ विकासखंड के आदर्श तिलहन ग्राम मदराकुही में सोयाबीन फसल कीट एवं रोग प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुदराकुही में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा नें किसानों को खरीफ फसल में आने वाली प्रमुख समस्याओं के विषय में जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केन्द्र छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता ने सोयाबीन की खड़ी फसल के प्रमुख कीट एवं उनके नियंत्रण की जानकारी दी।

# डॉ अम्बेडकर ज्ञान केंद्र कर रहा बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण : कमिश्नर कावरे




**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**
कमिश्नर महादेव कावरे ने अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के विशेष सहयोग से संचालित अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र में एक मोटिवेशनल स्पीच दिया। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र में जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों को राज्य सेवा आयोग और व्यापम द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। इसी प्रकार गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में भी लगभग 250 बच्चों को अजाक्स द्वारा निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। कावरे ने अपने उद्बोधन में अजाक्स द्वारा संचालित सभी वर्गो के जरुरतमंद प्रतिभावान बच्चों को दिए जा रहे निशुल्क कोचिंग सेंटर की मुक्त कंठ से सराहना की। अपने छात्र जीवन की बहुमूल्य अनुभव साझा किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि वे सुदूर वन क्षेत्र बीजापुर के एक छोटे से गांव जहाँ तत्कालीन समय में बिजली नहीं होने से लालटेन आदि से पढाई करने के बाद दिल्ली आई आई टी में चयनित हुए और इंजीनियरिंग की पढ़ाई प्रारंभ की। वहीं से उन्हें यूपीएससी तैयारी करने का विचार आया और अपने कठिन प्रयास और मेहनत से तमाम अभावों से जूझते हुए भी प्रशासनिक सेवा परीक्षा के माध्यम से आज रायपुर तथा बिलासपुर जैसे प्रदेश के बड़े संभाग के कमिश्नर के पद तक का सफर पूर्ण किए हैं। कावरे ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इंसान की जिंदगी में अभाव ज्यादा मायने नहीं रखती बल्कि उसे सफल होने में उसकी मेहनत उसकी लगन और जुनून महत्वपूर्ण साथी बनाकर उसे उसके मुकाम तक पहुंचाती है।आज मुख्य रूप से कमिश्नर कावरे उक्त कोचिंग संस्थान में अध्ययनत बच्चों के बीच जाकर उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अजाक्स द्वारा संचालित बिलासपुर में निशुल्क कोचिंग सेंटर में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किए।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गौरेला पेण्ड्रा मरवाही एवं बिलासपुर के इन इन दोनों संस्थानों में अध्ययन अध्यापन के लिए किसी भी चीज की जरूरत होने पर उसकी पूर्ति के लिये प्रयास किया जायगा।संसाधन का अभाव किसी भी बच्चों के करियर में बाधक नहीं बनने दिया जाएगा। प्रांतीय संगठन सचिव जितेंद्र पाटले ने अंबेडकर ज्ञान केंद्र के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अजाक्स के प्रदेश महामंत्री पी एल महिपाल ने जन सहयोग से और विस्तार कर विभिन्न जिलों में प्रारंभ करने प्रतिबद्धता जाहिर किए।प्रदेश सचिव डॉ अमित मिरी ने बच्चो को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ पढ़ाई करने व लक्ष्य प्राप्ति तक मेहनत करने प्रेरित किए। गिरिश कुर्रे ने कहा कि कावरे के उद्बोधन से विद्यार्थियों के चेहरे पर सकारात्मक ऊर्जा मिला है जो किलक्ष्य प्राप्ति में सहायक होगा। प्रदेश सचिव, आर पी गंधर्व प्रांतीय संयुक्त सचिव ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का पाठ पढ़ाया।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जशपुर,प्रतिदिन राजधानी**
जिले का पत्थलगांव में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को फांसी की सजा की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन कर रहे लोग दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग के साथ आरोपी को सहयोग देने वाले को भी गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। आंदोलनकारियों ने पत्थलगांव एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल को ज्ञापन सौंपा ।

ग्रामीणों का आरोप है कि दुष्कर्म का आरोपी रामनारायण ठाकुर पूर्व में भी कई लड़कियों के साथ शादी का झांसा देकर उनका जीवन तबाह कर चुका है। आरोपी दबंग होने के कारण गांव में कोई इसका विरोध नही करता है । बता दें कि थाना पत्थलगांव में इस आरोपी पर धारा 64 (1) 332 (ख) बी.एन.एस. एवं धारा 4 पॉक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री के प्रयास से पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों संवर रहा जीवन

## पहाड़ी कोरवा बस्ती में लगा जनमन शिविर



**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लोगों आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, आधार कार्ड बनवाने के साथ उनके स्वास्थ्य, शिक्षा पर विशेष ध्यान दें रहें। जशपुर जिले के बगीचा विकास खंड ग्राम पंचायत बालादरपाठ में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए जनमन शिविर लगाया गया और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के आर्थिक–सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा और कौशल विकास बच्चों और युवाओं को शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण स्वास्थ्य सेवाएं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास किया जा रहा है। आजीविका के अवसर कृषि और अन्य छोटे व्यवसायों के लिए सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करके परिवारों की आय में बढ़ोतरी का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय सहायता दिया जा रहा है। उनकी सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक धरोहर को संजोने और बढ़ावा देने के प्रयास किया जा रहा है।

# सभी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन हो: मुख्यमंत्री




**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी**
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जशपुर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पालकों व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि पोषण अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण अभियान योजना का 1 सितम्बर 24 से संचालन किया जा रहा है। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माहष् का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास के संलग्न संदर्भित निर्देश अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सकिय भागीदारी, महिला स्व–सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है।पोषण माह 2024 का मुख्य उद्देश्य पोषण पंचायतों को सक्रिय करना है, इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच एवं ग्राम पंचायतों को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जन आंदोलन को जन भागीदारी के रूप में परिवर्तित करना है।

# कुलेश्वर महादेव मंदिर के दान पेटी से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद,प्रतिदिन राजधानी**
कुलेश्वर महादेव मंदिर के दान पेटी से हुई चोरी के मामले में धमतरी पुलिस, करेली बड़ी चौकी ने आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। चन्द्रभान सिंह ठाकुर पित्ता स्व0 बिहारी सिंह ठाकुर उम्र 59 वर्ष साकिन राजिव लोचन मंदिर राजिम के पास थाना राजिम के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह कुलेश्वर महादेव मंदिर नवागांव एवं राजिव लोचन मंदिर राजिम के मंदिर ट्रस्ट मे सर्वराकार के पद पर हैं जो दिनांक 04.09.24 को सुबह कलेश्वर मंदिर के पुजारी नरेन्द्र सिंह ठाकुर के साथ सुबह 05.00 बजे कुलेश्वर मंदिर पूजा अर्चना के लिए पहुंचा था तभी देखा कि मंदिर के चैनल गेट के नीचे का हिस्सा फैला हुआ है शंका होने पर ताला खोलकर अंदर देखा तो मंदिर की दानपेटी नहीं थी कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी करेलीबडी में अप0 क्र. 277/24 धारा 331 (2),305 ब्नहर के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। चौकी करेली बड़ी द्वारा अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिए तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से दिनांक 06.09.24 को आरोपी शिवकुमार कुर्रे को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया आरोपी द्वारा गवाहों के समक्ष कथन लिया गया एवं आरोपी के निशानदेही पर उसके घर से चोरी गये रकम जुमला 1580/ रूपये बरामद कर जप्त कर आरोपी शिवकुमार कुर्रे पिता मुकेश कुर्रे उम्र 20 वर्ष साकिन चंदना को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। शिवकुमार कुर्रे पिता मुकेश कुर्रे उम्र 20 वर्ष साकिन चंदना चौकी करेलीबड़ी थाना मगरलोड जिला धमतरी(छ.ग.)।

## बन्दूक की नोक पर सराफा व्यापारी से लूट, जांच में जुटी पुलिस...



**सिमगा,प्रतिदिन राजधानी**
बलौदाबाजार जिले से लूटपाट का मामला सामने आया है। बाइक सवार 4 बदमाश फायरिंग कर ज्वेलर्स संचालक का रास्ता रोककर 4 लाख के सोने– चांदी के जेवर ले उड़े। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस शिकायत दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को ज्वेलर्स संचालक नांदघाट से अपनी दुकान बंद कर वापस रात 8 बजे भाटापारा जा रहा था। तभी देवरीडीह तिराहा के पास 4 बदमाशों ने हवा में फायरिंग करते हुए उनकी बाइक को रोक लिए और थैले में रखे लगभग 4 लाख के सोने– चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई।

# रश्मि के घर के साथ पूरे गांव के घरों को मिल रहा शुद्ध पेयजल



**राजनांदगांव,प्रतिदिन राजधानी**
गांवों में महिलाओं को पेयजल की परेशानी ना हो, उन्हें कुंओं तथा हैण्डपम्पों से पानी ना लाना पड़े, पानी के लिए लंबी–लंबी लाईनों से बचाने, बारिश के मौसम में पेयजल की समस्याओं का सामना ना करना पड़े, इसके लिए राज्य शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य शासन ने राज्य के सभी गांवों में हर घर साफ और सुरक्षित पानी पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्राम बागतराई में डिस्ट्रीब्यूशन 240 मीटर एवं राइजिंग मेन 4600 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव के 242 परिवारों को घर में नल कनेक्शन से साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिले के ग्राम बागतराई निवासी रश्मि राजपूत ने बताया कि अब उनके घर के साथ ही गांव के सभी घरों में जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से टेप नल कनेक्शन नल से पानी मिल रहा है। रश्मि ने बताया कि उनके विवाह को 11 वर्ष हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह नहीं सोचा था कि कभी उनके घर में भी नल का पानी आएगा, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब उनके घर के साथ पूरे गांव में नल से पानी की आपूर्ति होने लगी है। लेकिन आज यह हकीकत बन चुकी है। रश्मि ने बताया कि पूर्व में कुएं, हैंडपंप और तालाब से पानी भरना पड़ता था जिसमें अतिरिक्त मेहनत के साथ ही काफी समय व्यय होता था। पानी की शुद्धता भी बहुत अच्छी नहीं रहती थी। राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत घर–घर टेप नल कनेक्शन से जल पहुंचाने की पहल से हमारे तथा हमारे परिवार की समस्याओं का निदान हो गया है। निर्धारित समय पर नल से पानी आ जाता है। रश्मि ने कहा कि वे इस व्यवस्था से निश्चित रूप से अपनी दैनिक दिनचर्या को अच्छे से कर पा रही हैं और आज सुरक्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रही है। रश्मि राजपूत ने अपने घर और पूरे गांव के घरों में नल कनेक्शन से समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित की।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 07, सितम्बर 2024

# हाथरस हादसा : जनरथ बस ने मैक्स पिकअप में मारी टक्कर, 15 लोगों की मौत और 18 घायल, पीएम-सीएम ने जताया शोक

**आगरा, एजेंसी।**
आगरा-हाथरस मार्ग पर 6 सितंबर की शाम करीब छह बजे शाम जनरथ बस और टाटा एस वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत में 15 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। अन्य का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसा आगरा-हाथरस मार्ग पर थाना चंदपा क्षेत्र में नगला भुस बाईपास कपूरा चौराहे के पास हुआ। हादसे की वजह टाटा एस वाहन के गलत तरीके से ओवरटेक करना बताया जा रहा है। मरने वालों में 14 आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के गांव सेमरा के रहने वाले थे, जबकि एक फिरोजाबाद जनपद का निवासी था। गांव मुकुंदखेड़ा निवासी राजुद्दीन की मां अंगूरी का निधन हो गया था। 6 सितंबर को उनका चालीसवां था। इसमें शामिल होने के लिए राजुद्दीन की ससुराल गांव सेमरा से करीब 35 लोग टाटा एस (छोटा हाथी) में सवार होकर आए थे। 6 सितंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे ये




लोग आगरा के लिए रवाना हुए। जब ये कोतवाली चंदपा क्षेत्र के कपूरा चौराहे के निकट पहुंचे तो टाटा एस सामने से आ रही जनरथ बस से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टाटा एस के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार लोग उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में जाकर गिर गए। हादसे के बाद जमा हुए लोगों ने घायलों और मृतकों को जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने 15 को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में शामिल इरशाद, मुन्ना खां, मुस्कान, टल्ली, तबस्सुम, नजमा, भोला, खुशबू, जमील, छोटे, अयान, सूफियान, अल्फेज, शोएब गांव सेमरा जबकि इशरत फिरोजाबाद का रहने वाला था। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक हाथरस सड़क हादसे पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। सीएम योगी ने एक्स पर कहा कि जनपद हाथरस में एक सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने हेतु निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने जताया शोक

पीएम नरेंद्र मोदी ने हाथरस सड़क हादसे पर शोक जताया है। एक्स पर ट्विवट करते हुए लिखा गया है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। इसके साथ ही मैं हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। हाथरस सड़क हादसे को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की ओर से मृतकों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की अनुग्रह राशि देने की घोषणा कर दी है।

## हांगकांग से गुजरने के बाद तूफान 'यागी' ने चीन के हैनान प्रांत में दी दस्तक



**हांगकांग।** हांगकांग को पार करने के बाद शक्तिशाली तूफान 'यागी' ने शुक्रवार को चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान में दस्तक दी। इसकी वजह से वहां का स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है। हैनान प्रांत की मौसम विज्ञान सेवा ने बताया कि यागी तूफान के कारण करीब 245 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। मौसम विभाग ने तूफान स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न चार बजकर करीब 20 मिनट पर प्रांत के वेनचांग शहर पहुंचा और इसके बेइबू खाड़ी की ओर बढ़ने से पहले द्वीप के अन्य हिस्सों को प्रभावित करने की आशंका है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि यागी शरद ऋतु में चीन में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। उन्होंने अनुमान जताया कि यह शुक्रवार रात को पड़ोसी गुआंगदोंग प्रांत के जुवेन काउंटी में दूसरी बार तट पर पहुंचेगा। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के मुताबिक, हैनान में करीब 420,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, लोगों ने संभावित बाढ़ से बचने के लिए इमारतों के बाहर रेत की बोरियों के अवरोधक लगाए हैं और अपने घरों की खिड़कियों को मजबूती से बांध दिया है। सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार शाम से ही प्रांत के कुछ हिस्सों में कक्षाएं, कार्यालय, परिवहन और व्यवसाय बंद कर दिए गए हैं। कुछ पर्यटक केंद्रों को भी बंद कर दिया गया है और द्वीप के तीन हवाई अड्डों से संचालित उड़ानों को भी शुक्रवार को रद्द किए जाने की संभावना है। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बताया कि ग्वांग्शी के किंगझोऊ शहर ने तूफान के मद्देनजर हाई अलर्ट जारी किया है। इसने कहा कि यागी शनिवार दोपहर को क्षेत्र के फैंगचेंगगांग शहर और उत्तरी वियतनाम के तटीय क्षेत्र के बीच दोबारा दस्तक दे सकता है। इससे पहले, शुक्रवार को यागी तूफान की वजह से हांगकांग में शेयर बाजार में कारोबार, बैंक सेवाएं और विद्यालय बंद रखे गए। हांगकांग में यागी की वजह से 270 से ज्यादा लोगों को अस्थायी सरकारी आश्रय स्थलों पर शरण लेनी पड़ी और शहर में 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। नौ लोग घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण दर्जनों पेड़ गिर गए। यागी उष्णकटिबंधीय तूफान है जो उत्तर-पश्चिमी फिलीपींस से दक्षिण चीन सागर की ओर बढ़ा। इसके कारण कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है और 17 अन्य लापता हो गए हैं। अधिकतर मौतें भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई हैं। उत्तरी और मध्य प्रांतों में 20 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

## रथ मैदान में 18 से कम, 60 से अधिक बुजुर्गों को नहीं मिलेगा प्रवेश

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में सुरक्षा के लिए शुक्रवार को देव समाज की पुलिस के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू संजीव चौहान ने की। उन्होंने कहा कि 12 अक्तूबर को दशहरा में पहुंचने वाले देवी-देवता 12 को ही रघुनाथ मंदिर में देव मिलन करें। उन्होंने कुल्लू दशहरा के दौरान भगवान रघुनाथ के साथ सुल्तानपुर में मिलने के लिए पहुंचने वाले देवी-देवताओं के कारदारों से सहयोग की अपील की। रथ मैदान में रथयात्रा में जुटने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देव समाज कुल्लू को आगे आने की बात कही। इस दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को रथ मैदान में न आने की बात कही। एएसपी ने जिला कारदार संघ कुल्लू के प्रतिनिधियों से कारकूनों को जागरूक करने की अपील की। कारदार संघ ने सुरक्षा को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू से दशहरा के मैदान में विभिन्न देवी-देवताओं के शिविरों में नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगवाने का सुझाव रखा। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान रघुनाथ के मंदिर सुल्तानुपर (रघुनाथपुर) में रथ यात्रा से पूर्व एक साथ किसी तरह की भीड़ न हो। ऐसे में जो देवी-देवता एक दिन पूर्व ढालपुर मैदान अपने अस्थायी शिविर में पहुंचते हैं, उनके कारदार यह सुनिश्चित करें कि उसी दिन अपने-अपने देवी-देवताओं को भगवान रघुनाथ के मंदिर सुल्तानपुर ले जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला कारदार संघ कुल्लू के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर, भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह, जिला महासचिव टीसी महंत, जोगिंद्र आचार्य, हंसराज शर्मा, तारा चंद, लाल चंद, राजकुमार महंत, हीरा लाल, डोला राम, सत्यदेव नेगी, संगत राम और तेज सिंह मौजूद रहे।

## प्रदेश के 12 शहरों की प्यास बुझाने को 1200 करोड़ की पेयजल योजनाए

**नई दिल्ली।** राज्य के 12 शहरों में पेयजल किल्लत दूर करने के लिए वर्ल्ड बैंक 1200 करोड़ रुपये देगा। पेयजल निगम ने इसका प्रस्ताव भेज दिया है। जल्द ही वर्ल्ड बैंक की टीम इस संबंध में बातचीत करने आएगी। वर्ल्ड बैंक ने पूर्व में हरिद्वार, देहरादून, हल्द्वानी में पैरी अर्बन क्षेत्रों की पेयजल योजनाओं के लिए 1200 करोड़ दिए थे। सभी जगहों पर समय से काम पूरे हुए। इस आधार पर वर्ल्ड बैंक ने देशभर में उत्तराखंड को ए-ग्रेड से नवाजा। इस ग्रेड के मिलने से वर्ल्ड बैंक 1200 करोड़ रुपये की योजनाएं और उत्तराखंड को देगा, जिस पर सैद्धांतिक सहमति बनने के बाद अब पेयजल निगम ने प्रस्ताव भेज दिया है।

## फिर रुलाने लगी प्याज,टमाटर भी हुआ लाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में भारी बारिश से प्याज की सप्लाई पर असर पड़ा है। जिसके चलते एक बार फिर प्याज और टमाटर के भाव बढ़ने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पिछले सप्ताह भर से भाव में वृद्धि हुई है। प्याज 70 रुपये प्रति किलो बिक रही है। वहीं टमाटर भी 50 रुपये किलो है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि कई लोग तो सिर्फ भाव सुन कर ही आगे बढ़ जाते हैं। इनका कहना है पिछले साल अगस्त के अंत तक प्याज की कीमत 40 से 50 रुपये किलो थी, जबकि टमाटर 25 से 30 रुपये किलो भाव में बिका था। सब्जियों के लगातार बढ़ते दाम से आम आदमी को विभिन्न प्रकार की मुश्किलों से जूझना पड़ रहा है। प्याज मौजूदा समय में 70 रुपये प्रति किलो में बिक रही है। इतना ही नहीं, टमाटर के दाम भी बढ़ता जा रहे हैं। जबकि लहसुन 120 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। तो कश्मीरी मिर्च 80 रुपये प्रति किलो है। इसके अलावा गोभी, शिमला मिर्च के दाम भी विगत दिनों के अपेक्षा बढ़ गए हैं। नतीजा यह है कि इसका सीधा प्रभाव घरेलू बजट पर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि दिल्ली की आजादपुर मंडी से ही उन्हें टमाटर-प्याज थोक भाव में महंगे मिल रहे हैं। गुरुग्राम स्थित गुरुद्वारा रोड सब्जी मंडी के आढ़ती अशरफ खान का कहना है कि महंगाई के कारण फुटकर दुकानदार भी टमाटर और प्याज कम ही ले जा रहे हैं।
सब्जी मंडी में खरीदारी करने आई शिवाजी नगर निवासी आरती का कहना है कि वह हफ्ते में एक बार सब्जी खरीदने आती हैं। प्याज का भाव तेजी से बढ़ा है। लगातार बढ़ते सब्जियों के दाम से घर का बजट बिगड़ गया है। इसी प्रकार गरिमा दलाल का भी कहना है कि टमाटर-प्याज खाना ही छोड़ना पड़ेगा। इतने पैसे कहां से आएंगे।

## जब अभिभावक की तरह मिले खिलाड़ियों से देश के खेलमंत्री मांडविया




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया खिलाड़ियों का निरंतर उत्साहवर्धन कर रहे हैं और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने से लगातार देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे है। एक मसला ऐसा है जब केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया, उस दौरान वे खिलाड़ियों से अभिभावक की तरह मुलाकात की और बातचीत की। इस दौरान खिलाड़ी भी उत्साह से भर गए। दरअसल, कठोर निर्णय के लिए माने जाने वाले डॉ. मांडविया खिलाड़ियों के बीच भावुक हो जाते है और उनकी बातों को भी गंभीरता के साथ सुनते है। युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पेरिस 2024 पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत लौटे भारतीय पैरा-एथलेटिक्स दल के सदस्यों को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एथलीटों, कोचों और सहायक स्टाफ को सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रशंसा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा मुझे आज पैरालंपिक में पहली बार भाग लेने वाले छह एथलीटों से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं दीप्ति को इस सम्मान कार्यक्रम में पहली बार पदक जीतने के लिए बधाई देता हूं। बाकी सभी को, मैं भविष्य के पैरालंपिक के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं और मुझे विश्वास है कि आप भी पदक जीतेंगे। याद रखें, खेलना सिर्फ पदक जीतना भर नहीं है, आप में से प्रत्येक ने जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है और विजेता के रूप में उभरे हैं। आप सभी भारत के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## श्रीलंका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव क्यों हैं बेहद अहम



**कोलंबो,एजेंसी।**
श्रीलंका में आगामी 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। यह चुनाव 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे देश के भविष्य का फैसला करेगा। आर्थिक संकट के कारण देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखे गए थे और पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा था। बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। चुनाव को राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के दो साल के कार्यकाल पर जनमत संग्रह के रूप में भी देखा जा रहा है। इन दो वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था में सुधार की रफ्तार काफी धीमी रही है। विक्रमसिंघे को संसद में नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ एक शक्तिशाली गठबंधन के नेता से भी कड़ी चुनौती मिल रही है। यह गठबंधन युवा मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ को मजबूत कर रहा है। श्रीलंका की आबादी लगभग 2.2 करोड़ है जिनमें से 1.7 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पात्र हैं। इस चुनाव में उम्मीदवारों की बात करें तो कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। विक्रमसिंघे की पार्टी 'यूनाइटेड नेशनल पार्टी' दो फाड़ होने के कारण कमजोर हो गई है। ऐसे में वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, करों में की गई वृद्धि समेत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (ढ्ढरूस्न) से सहायता प्राप्त करने के बदले में उठाए गए कठोर कदम के कारण लोग विक्रमसिंघे से नाखुश हैं, लेकिन ईंधन, रसोई गैस, दवाइयों और भोजन जैसी आवश्यक वस्तुओं के संकट को काफी हद तक कम करने में मिली सफलता को लेकर वह जीत की आस लगा रहे हैं। मार्क्सवादी नीत गठबंधन 'नेशनल पीपुल्स पावर' के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके भ्रष्टाचार से तंग आ चुके युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं जिसके कारण वह विक्रमसिंघे के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। युवाओं का मानना है कि आर्थिक संकट की मुख्य वजह भ्रष्टाचार है। इसके अलावा, उन्हें उन मतदाताओं का भी समर्थन मिल रहा है, जिन्होंने 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वह एक मजबूत दावेदार हैं। ऐसा इसीलिए भी क्योंकि अपने प्रतिद्वंद्वियों के विपरीत, उनके संबंध ऐसे व्यापारिक और राजनीतिक अभिजात वर्ग से नहीं है जिनके इशारे पर देश की सत्ता में हलचल देखी जाती है।

# हेलीकॉप्टर के दुर्घटना चालक दल के दो सदस्यों के शव मिले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ,
गुजरात तट के पास अरब सागर में भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद लापता हुए चालक दल के तीन सदस्यों में से इसके पायलट और एक गोताखोर के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि तीसरे की तलाश अब भी जारी है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. तटरक्षक के प्रवक्ता अमित उनियाल ने कहा कि कमांडेंट विपिन बाबू और गोताखोर करण सिंह के शव मंगलवार रात को बरामद किए गए जबकि अन्य पायलट राकेश राणा की तलाश




का अभियान अब भी जारी है. उन्होंने कहा, ''आईसीजी के अत्याधुनिक हल्के विमान (एएलएच) में चालक दल के कुल चार सदस्य सवार थे. घटना के तुरंत बाद गोताखोर गौतम कुमार को बचा लिया गया जबकि एक पायलट एवं दो गोताखोर समेत तीन अन्य की तलाश जारी थी. मंगलवार रात को पायलट विपिन बाबू और गोताखोर करण सिंह के शव बरामद किए गए. उन्होंने कहा, ''अन्य पायलट राकेश राणा अब भी लापता हैं. हमने उनकी तलाश के लिए चार जहाज और एक विमान तैनात किया है. दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा बरामद कर लिया गया है.'' आईसीजे ने एक बयान में बताया कि यह घटना सोमवार रात को हुई जब उसने टैंकर पर सवार चालक दल के एक घायल सदस्य को बचाने के लिए रात करीब 11 बजे अभियान चलाया. यह टैंकर पोरबंदर के समीप से गुजर रहा था. इस बीच, समुद्र से दो शव बरामद किए जाने के बाद मंगलवार रात को पोरबंदर के नवी बंदर थाने में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया. रिपोर्ट के अनुसार, तटरक्षक के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार सदस्य सवार थे. चिकित्सा आपात बचाव अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर तट से करीब 30 समुद्री मील की दूरी पर समुद्र में अज्ञात कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हो गया. तटरक्षक ने बताया कि दो व्यक्तियों की मौत हो गई है जबकि बचाए गए गोताखोर गौतम कुमार अब भी अस्पताल में भर्ती हैं.

# हरियाणा में एक दिन में 32 नेताओं ने बीजेपी छोड़ी : टिकट कटने से नाराज



**हरियाणा, एजेंसी।**
मनविंदर सिंह 7 हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की पहली सूची जारी होने के साथ ही पार्टी में भगदड़ मच गई है। बुधवार शाम को 67 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के बाद इस्तीफों की झड़ी लग गई। 24 घंटे से भी कम समय में पार्टी के 32 बड़े चेहरों ने अलविदा कह दिया है। इनमें मंत्री रणजीत चौटाला समेत 1 विधायक और 5 पूर्व विधायक भी शामिल हैं। सावित्री जिंदल निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी वहीं देश की चौथी सबसे अमीर महिला एवं बीजेपी सांसद नवीन जिंदल की मां सावित्री जिंदल समेत 11 नेताओं निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।उधर पूर्व मंत्री और बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामबिलास शर्मा को ही अपनी खुद की टिकट कटने का खतरा सता रहा हैं। शर्मा महेंद्रगढ़ सीट से मजबूत दावेदार होने के बावजूद पार्टी ने इस सीट पर पहली लिस्ट में प्रत्याशी की घोषणा की बजाए होल्ड कर दी। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने गुरुवार को समर्थकों की मीटिंग बुला कर पार्टी से इस्तीफा दिया और निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने के लिए कहा था लेकिन मैं वहां से नहीं लड़ना चाहता। मैं इसी समय पार्टी छोड़ रहा हूं। आगामी 8 सितंबर को रानियां में बड़ा रोड शो निकालकर भाजपा को अपनी ताकत दिखाऊंगा। रणजीत चौटाला पूर्व डिप्टी पीएम चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। कांग्रेस में गए विधायक नापा फ्तेहाबाद की रतिया विधानसभा से भाजपा विधायक लक्ष्मण नापा ने टिकट कटने पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने टिकट की घोषणा के बाद आधी रात को ही अपना इस्तीफा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को भेज दिया था। उन्हें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान और हुड्?डा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। नाराज कंबोज ने मुख्यमंत्री से हाथ जोड़ लिए रादौर से भाजपा ने श्याम सिंह राणा को टिकट दी तो भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कंबोज खुलकर विरोध में उतर आए हैं। गुरुवार को कर्णदेव को मनाने सीएम नायब सैनी गांव मंधार पहुंचे। यहां कर्णदेव समर्थकों संग रणनीति बना रहे थे। यहां कर्णदेव ने सीएम के सामने भड़ास निकाली। समर्थकों ने इंद्री से टिकट की मांग की। सीएम ने एक घंटे तक बातचीत की पर उन्हें मनाने में कामयाब नहीं हुए।

## खजराना गणेश पहनेंगे तीन करोड़ के स्वर्ण आभूषण, लगेगा सवा लाख मोदकों का भोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सवा लाख लड्डु मोदको का भोग भी लगाया जाएगा और प्रसाद के रुप में उन्हें भक्तों को वितरित किया जाएगा। इसके लिए 21 क्विटंल सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसमे आठ क्विटल मैदा, पांच क्विटल गुड, ढाई क्विटल असली घी का उपयोग किया जाएगा। इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में दस दिन गणेशोत्सव की रौनक रहेगी। मंदिर परिसर को रोशनी से सजाया गया है और फूल बंगला तैयार किया जा रहा है। गणेशोत्सव पर गणपति बप्पा तीन करोड़ कीमत के स्वर्ण आभूषण पहनेंगे। मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि सवा लाख लड्डु मोदको का भोग भी लगाया जाएगा और प्रसाद के रुप में उन्हें भक्तों को वितरित किया जाएगा। इसके लिए 21 क्विटंल सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसमे आठ क्विटल मैदा, पांच क्विटल गुड, ढाई क्विटल असली घी व साढ़े तीन क्विटल सूखे मेवे व अन्य सामग्री का उपयोग किया जाएगा। अनंत चतुदर्शी पर खजराना गणेश की झांकी भी निकाली जाएगी। चलित दर्शन व्यवस्था रहेगी दर्शन की मंदिर में दस दिन में सात से आठ लाख भक्त दर्शन के लिए आते है। भक्तों को ज्यादा कतार न लगाना पड़े, इसलिए चलित दर्शन व्यवस्था की गई है। इसके लिए चार कतारों की व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने मंदिर पहुंच मार्ग की मरम्मत भी शुरू की है। दस दिनों तक मंदिर परिसर में सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। वृंदावन की भजन मंडलियां भी आएगी। इसके अलावा बच्चों के लिए भी प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। शहर के बड़ा गणपति, जूना गणेश मंदिर, चिंतामण गणेश मंदिर में भी आयोजन होंगे।
बरसते पानी में पांडालों में पहुंची गणेश प्रतिमाएं शुक्रवार को शहर के गणेश मंडल गणेश प्रतिमा को पांडालों तक ले गए। बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में बड़ी-बड़ी गणेश प्रतिमाएं ट्रालियों पर ले जाई गई। बरसते पानी में बरसती पहनाकर गणपति बप्पा को भक्त पांडालों में ले गए। शनिवार को चल समारोह के साथ उनकी स्थापना होगी। पंद्रह-बीस फीट ऊंची प्रतिमा को क्रेन की मदद से ट्रैक्टर ट्रालियों पर रखकर भक्त गंतव्य तक ले गए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता वि./ यां. लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट संभाग, सिहावा भवन परिसर सिविल लाईन जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

आदेश क्रमांक 125/कार्य/2024-25/ रायपुर दिनांक 27/08/2024

-::निविदा निरस्तीकरण ओदश::-

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) का पृ. क्रं. 4263122/निविदा प्रकोष्ठ /2024/12466 (TC) नवा रायपुर दिनांक 16.08.2024 द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रं. 03/कार्य/ 2023-24 दिनांक 07/03/2024 सिस्टम नं. 153715 (प्रथम आमंत्रण) की निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के फलस्वरूप उक्त निविदा को "निरस्त" किया जाता है।

जी.नं. 08429 दिनांक 11/03/2024

कार्यपालन अभियंता, वि./यां. लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

R.O. No. 242502295/7

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर में दिल की धड़कन को नियंत्रित करने के लिए पेसमेकर लगाया गया

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** एक 37 वर्षीय महिला को 10 साल पहले जन्मजात दिल की बीमारी (एबस्टीन एनोमली) के कारण एक जटिल सर्जरी (फॉन्टेन ऑपरेशन) से गुजरना पड़ा था। इस सर्जरी में उनके दिल को 4 चैम्बर वाले दिल से 2 चैम्बर वाले दिल में बदल दिया गया था, क्योंकि उनके दिल का दाहिनेतरफ का हिस्सा काम नहीं कर रहा था।




आमतौर पर गंदा खून दाईं तरफ के दिल में जाता है, लेकिन इस सर्जरी के बाद इसे सीधे फेफड़ों में भेजा जाता है (जैसे मछली के दिल में होता है)। फेफड़ों में साफ होने के बाद खून दिल के बाईं तरफ जाता है और फिर शरीर में पंप किया जाता है।

हालांकि, सर्जरी के लगभग 8 साल बाद, उन्हें दिल की धड़कन में अनियमितता के कारण बेहोशी के दौरे आने लगे, जो इस तरह की सर्जरी के बाद लगभग 5% मामलों में होता है। अलग–अलग डॉक्टरों से परामर्श लेने के बाद, वे अगस्त 2024 में हमारे पास आए और हमारे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बख्शी द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि उन्हें सिक साइनस सिंड्रोम है, जिसमें दिल की धड़कन 20 धड़कन प्रति मिनट से 140 धड़कन प्रति मिनट तक घटती–बढ़ती थी।

इस तरह की समस्या का सबसे अच्छा उपचार पेसमेकर लगाना है।

लेकिन इस महिला के मामले में पेसमेकर लगाना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि उनके दिल के चैम्बर तक पहुंचना मुश्किल था। आम तौर पर, शरीर के ऊपरी हिस्से से गंदा खून लाने वाली रक्त वाहिकाओं (सबक्लेवियन वी– सुपीरियर वेना कावा सिस्टम) का उपयोग पेसमेकर लीड को पेश करने के लिए किया जाता है, जो दिल के दाईं तरफ से जुड़ा होता है। फिर पल्स जनरेटर को लीड से जोड़ा जाता है और छाती की दीवार में लगाया जाता है। लेकिन इस महिला के मामले में, सुपीरियर वेना कावा पल्मोनरी आर्टरी(फेफड़ों की रक्त वाहिका) से जुड़ा था।

हमारे अस्पताल में डॉ. सुमनता शेखर पांधी (क्लिनिकल लीड – कार्डियोलॉजी विभाग) और डॉ.किंजल बख्शी (सीनियर बाल रोग विशेषज्ञ) के नेतृत्व में एक नवीन दृष्टिकोण के साथ दिल के दाईं तरफ के छोटे से हिस्से तक पहुंचने और सफलतापूर्वक पेसमेकर लगाने में सफल रहे। इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 5 घंटे लगे। प्रक्रिया के बाद उन्हें चौथे दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर अजीत कुमार बेलमकोण्डा ने कार्डियोलॉजी विभाग को ऐसे जटिल प्रक्रिया की सफलता की अपार बधाई दी और प्रोत्साहना की।

यह एक बहुत ही दुर्लभ और असामान्य मामला है, जो छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में पहली बार किया गया है।

**एम. एम. आई. नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के बारे में:**

एम. एम. आई. नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर अगस्त 2011 में तब अस्तित्व में आया जब पहले से स्थापित 56 बेड हॉस्पिटल को अत्याधुनिक उपकरण, सुविधओं, नवीनतम ऑपरेशन थिएटर और चिकित्सकीय कौशल से संयुक्त 157 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में रूपान्तरित किया गया।

आज यह हॉस्पिटल 250 बेड की क्षमता के साथ मध्यभारत का अग्रणी चिकित्सकीय संस्थान बन गया है जो ह्रदयरोग, मष्तिस्क विज्ञान, गुर्दारोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी, कैंसर रोग विभाग और हड्डीरोग जैसे क्षेत्रों में विस्तृत एवं उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा है।

हॉस्पिटल का लगभग 1.26 लाख वर्ग फुट इमारती क्षेत्र 3 एकड के परिसर में फैला है। रायपुर शहर के सबसे मध्य इलाके में बसा यह हॉस्पिटल मरीजों शीघ्र स्वस्थ्यलाभ के लिए सबसे उपयुक्त जगह है।

# चौक-चौराहों पर भीख मांगकर प्रदर्शन किया एसआई अभ्यर्थी




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** एसआई भर्ती परीक्षा के परिणामों को लेकर अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन और भी तेज होता जा रहा हैं। दो दिन पहले गृहमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें 10 से 15 दिनों के भीतर रिजल्ट जारी होने का आश्वासन दिया था लेकिन उम्मीदवार सरकार के इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हो रहे हैं और लगातार तारीख बताये जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना हैं कि हर बार वार्ता के बाद उन्हें परिणाम जारी होने की बात कही जाती हैं, कोई तारीख नहीं बताई जाती।

वही इस विरोध प्रदर्शन की कड़ी में एसआई भर्ती परीक्षा के सैकड़ों अभ्यर्थी राजधानी रायपुर की सड़कों, चौक–चौराहों पर भीख मांगकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थी यह प्रदर्शन जय स्तंभ चौक, नगर घड़ी चौक, अंबेडकर चौक समेत कई चौराहों में कर रहे हैं। वे इस दौरान अपनी व्यथा और पीड़ा भी लोगों से जाहिर कर रहे हैं।

### क्या कहा था गृहमंत्री ने

बता दें कि बीते बुधवार को प्रदर्शनकारी एसआई भर्ती परीक्षा के उम्मीदवारों से उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने बंगले पर भेंट की थी। गृहमंत्री विजय शर्मा ने अभ्यर्थियों को बताया था कि कोर्ट के निर्णय के बाद 370 पदों और इसकी भर्ती के लिए सारी प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। इंटरव्यू ले लिया गया है। उनकी लिखित परीक्षा और शारीरिक परीक्षा के रिजल्ट को मर्ज करके एक रिजल्ट बनाया जाना है। गृहमंत्री ने आश्वासन दिया कि आने वाले 10 से 15 दिनों में रिजल्ट आ जाएगा। हालांकि अभ्यर्थी लगातार निश्चित तारीख बताये जाने की अपनी मांग पर अड़े हुए है।

# लॉ स्टूडेंट से पुलिस कर्मी ने किया रेप, गिरफ्तार



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक गंभीर मामला सामने आया है। एक पुलिस जवान पर एक लॉ की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी जवान ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर अपनी कार में दुष्कर्म किया।

मामला माना थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी पुलिस जवान को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जाँच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी जवान पुलिस अकादमी चंद्रखूरी में पदस्थ है।

# तीज व्रत पर महिलाओं ने की पूजा अर्चना



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** परिवार की सुख–समृद्धि के लिए आज महिलाओं ने उपवास रखकर पूजा–अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने शिव–पार्वती की विशेष पूजा–अर्चना की। वहीं राजधानी रायपुर के बाजार में पर्व को लेकर उल्लास का माहौल था। बड़ी संख्या मं तीजहारिनों ने खरीददारी की और पर्व को मनाया।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में तीज पर्व का विशेष महत्व रहा है। महिलाएं तीज पर मायके आती हैं और परिवार के साथ मिलकर पर्व को घूमधाम के साथ मनाती हैं। इस पर घरेलु पकवान भी बनाए जाते हैं। महिलाओं ने फुलेरा रखकर रात्रिजागरण करते हुए तीज पर्व की पूजा विधिविधान से करती हैं।

# ठेकेदार ने शव दफनाकर बना दी पानी टंकी ठेकेदार सहित तीन गिरफ्तार, शव बरामद

**सरगुजा (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र में 7 जून से लापता राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की हत्या का रहस्य पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार अभिषेक पांडेय सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मैनपाट के लुरैना में एक पानी टंकी के नीचे दफ्न शव को बरामद किया है। इस मामले में आरोपियों ने हत्या को अंजाम देने के बाद शव को दफ्न कर दिया और उसके ऊपर पानी टंकी बनवा दी, जो फिल्म दृष्यम के सीन के जैसा लगता है



### क्या है पूरा मामला?

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलजोरा निवासी संदीप लकड़ा 7 जून से लापता था। उसकी पत्नी सलीमा लकड़ा ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार अभिषेक पांडेय ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पति की हत्या कर दी है। 21 जुलाई को सलीमा ने छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के साथ मिलकर थाने का घेराव किया था। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्या का राज खुल गया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने संदीप लकड़ा की हत्या कर दी और उसके शव को मैनपाट के लुरैना में एक पानी टंकी के नीचे दफ्न कर दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जेसीबी की मदद से जमीन खोदकर शव बरामद किया।

# मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर पुलिस ने अन्तराज्यीय गांजा तस्करी का किया भांडाफोड़



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर दुर्ग जिले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का पर्दाफाश किया। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके तार तस्करी के बड़े नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने 45 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अवैध बाजार में कीमत लगभग 4.5 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने गांजा तस्करी की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए वित्तीय लेन–देन की भी जांच शुरू कर दी है, और आरोपियों के बैंक खातों को होल्ड करने की प्रक्रिया चल रही है। इस ऑपरेशन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य स्तरीय विशेष टीम का सहयोग रहा।

इस कार्रवाई का नेतृत्व दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने किया। 5 सितंबर को प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालाजी नगर खुर्सीपार इलाके में छापा मीरा, जहां से गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की गई दो कारें और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पिंटू कुमार साहनी, जी. सरोजनी, अजय साहनी, अजय प्रसाद और ए.बी. साहनी शामिल हैं।




पुलिस ने पहली बार तस्करी का फार्वर्ड लिंक और वैकवर्ड लिंक स्थापित कर इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया है। मामले की विवेचना जारी है और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में इंचार्ज प्रभारी खुर्सीपार युवराज साहू, सउनि यशवंत श्रीवास्तव, सउनि नागेन्द्र बंछोर आरक्षक हर्षकांत देवांगन, अमन शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# आज घर–घर विराजेंगे भगवान गणेश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ सहित पूरे देशभर में 7 सितंबर से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल की चतुर्थी से देशभर में गणेश चतुर्थी पर्व का शुभारंभ हो जाता है। 10 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर होता है। अनंत चतुर्दशी तिथि को गणपति विसर्जन कर दिया जाता हैद्ध इस साल गणेश विसर्जन 17 सितंबर को होगा। वहीं राजधानी रायपुर में भगवान गणेश के भक्त इस त्योहार को बड़ी ही धूमधाम से मनाते हैं। राजधानी के सड़कों से लेकर मंदिरों तक गणपत्ति बप्पा के जयकारे देर रात तक गूंजता रहा। इस त्योहार का सबसे अद्भुत नजारा राजधानी रायपुर में देखने को मिलता है।



### भगवान गणेश को क्यों प्रिय है मोदक?

पौराणिक मान्यता के अनुसार एक बार जब भगवान शिव, देवी पार्वती और भगवान गणेश जंगल में ऋषि अत्रि की पत्नी देवी अनुसूया से घर गए थे। यहां पहुंचते ही भगवान शिव और गणेश को भूख लगने लगी, जिसके बाद उन्होंने सभी के लिए भोजन का प्रबंध किया है। खाना खाने के बाद देवी पार्वती और भगवान शिव की भूख शांत हो गई, लेकिन गणपति बप्पा का पेट कुछ भी खाने से भर ही नहीं रहा था। बप्पा की भूख शांत कराने के लिए अनुसूया ने उन्हें सभी प्रकार के व्यंजन खिलाए, लेकिन उनकी भूख शांत ही नहीं हुई।

सभी व्यंजनों को खाने के बाद भी जब भगवान गणेश संतुष्ट नहीं हुए, तो अनुसूया ने सोचा कि कुछ मीठा उनका पेट भरने में मदद कर सकता है। बस फिर क्या था अपने इस विचार पर असल करते हुए उन्होंने गणेश जी को मिठाई का एक टुकड़ा दिया और उसे खाते ही गणपति बप्पा को डकार आ गई और उनकी भूख शांत हुई। गणेश जी भूख शांत होते ही भगवान शिव ने भी 21 बार डकार ली और इस तरह दोनों एक साथ संतुष्ट हुए।

### गणेश चतुर्थी का स्थापना मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, गणेश चतुर्थी 6 सितंबर को दोपहर 03 बजकर 01 मिनट पर प्रारंभ होगी और 7 सितंबर को शाम 05 बजकर 37 मिनट पर इसका समापन होगा। ऐसे में गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना का मूहुर्त सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। ऐसे में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए आपको करीब 2 घंटे और 31 मिनट का समय मिलने वाला है।

### गणेश चतुर्थी की स्थापना और पूजन विधि

गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को प्रसन्न करने से मनोवांछित फ्ल की प्राप्ति हो सकती है। इस दिन सवेरे–सेवेर जल्दी उठकर स्नानादि कर लें। इसके बाद एक लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। उस पर पहले अक्षत रखें और चंदन से एक स्वस्तिक बनाएं। इसके बाद गणपति जी को स्थापित करें। गणेश जी को स्थापित करते समय 'वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ. निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥' मंत्र का पांच बार जाप करें।

अब गणेश जी को गंगाजल से स्नान कराएं। उन्हें वस्त्र, जनेऊ, चंदन, दूर्वा, अक्षत, धूप, दीप, शमी पत्ता, पीले फूल, और फ्ल चढ़ाएं। गणपति जी को सिंदूर, दूर्वा, और घी चढ़ाएं। उन्हें 21 मोदक का भोग लगाएं। गणेश जी की आरती करें और मनोकामनाओं के लिए आशीर्वाद मांगें। इसके बाद गणपति को लड्डू का भोग लगाएं और उसे प्रसाद के रूप में वितरित करें।

### गणपति पूजा में न करें ये गलतियां

गणेश जी की मूर्ति को पूर्व या ईशान कोण में रखें। गणेश जी की मूर्ति को दक्षिण और दक्षिण पश्चिम कोण में न रखें। गणेश जी की मूर्ति पर तुलसी और शंख से जल न चढ़ाएं। पूजा में नीले और काले रंग के कपड़े न पहनें। चमड़े की चीजों का उपयोग वर्जित है।

# छत्तीसगढ़ के सभी कोर्ट हुए ऑनलाईन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** पारदर्शिता व नागरिकों तथा वादकारियों को सुविधा प्रदान करने व सशक्त बनाने की दिशा में एक नए अध्याय की शुरूवात करते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने आज गुरूवार 05 सितम्बर 2024 को उच्च न्यायालय तथा राज्य के समस्त जिला न्यायालयों के लिए 'आनलाईन आर.टी.आई वेब पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से सूचना के अधिकार के तहत् आवेदनों को प्रस्तुत किया जा सकता है और उन्हें रियल टाईम ट्रैक किया जा सकता है और इसके माध्यम से सूचना के अधिकार के तहत् लगने वाले शुल्क का भुगतान भी किया जा सकता है। इस आर.टी.आई. वेबपोर्टल के माध्यम से दुनिया के किसी भी स्थान से सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा ।

इस वेब पोर्टल के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने व्यवत किया कि यह आनलाईन पोर्टल पारदर्शिता, जवाबदेही व नागरिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य न्यायाधिपति ने यह भी व्यवत किया कि इस वेबपोर्टल का उद्देश्य है कि नागरिकों को सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी व सुलभ बनाना है। यह वेबपोर्टल एक केन्द्रीय प्लेटफार्म की तरह कार्य करेगा जहां नागरिक सूचना के अधिकार के तहत् आवेदन को प्रस्तुत कर सकेंगे और उसके प्रगति को ट्रैक कर सकेंगे और सूचना प्रदान करने वाले अधिकारी की प्रतिक्रियाओं को तत्काल जान सकेंगे और यदि असंतुष्ट हैं तो अपील कर सकेंगे।

# शान्ति सरोवर में रविवार को शिक्षक दिवस समारोह




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा रविवार 8 सितम्बर को सुबह 10 बजे शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया है जिसका विषय होगा– श्रेष्ठतम समाज के लिए मूल्य आधारित शिक्षा।

चर्चा में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानन्द शुक्ल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.आई.टी.) के डायरेक्टर डॉ. एन.वी. रमना राव, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा, हेमचन्द विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा तथा रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी प्रतिभागी होंगी। मूल वक्तव्य ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी का होगा।

सोमवार 9 सितम्बर से सात दिवसीय तनाव मुक्ति शिविर –

वर्तमान समय जीवन में तनाव बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। कोरोना काल में छोटे बड़े सभी को तनाव का सामना करना पड़ा। ऐसे समय में अनुभवी ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा विशेष रूप से शिक्षकों के लिए शान्ति सरोवर सड्डू और चौबे कालोनी रायपुर में सात दिवसीय तनाव मुक्ति शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से किसी भी सत्र में पंजीयन कराने के बाद इसमें भाग लिया जा सकेगा। प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444